हरिभूमि
रायपुर भूमि



दिल्ली जाने ट्रेनों का टोटा, 5 से 24 अप्रैल तक रद्द चल रही समता, छत्तीसगढ़ और गोंडवाना एक्सप्रेस से हर दिन हजारों यात्री परेशान

# दिल्ली हुई 'दूर', संपर्क क्रांति में भीड़, हमसफर में 24 तक वेटिंग 100 के पार



1

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे के विकास और तकनीकी कार्यों के चलते अब यात्रियों के लिए रायपुर से दिल्ली का सफर काफी मुश्किल और दूर हो गया है। स्थिति यह बन गई है कि अब लोगों को दिल्ली पहुंचने के लिए कनेक्टिंग ट्रेनों और बसों का सहारा लेना पड़ रहा है। इसकी मुख्य वजह गोंदिया रेलवे स्टेशन पर चल रहा तकनीकी कार्य है, जो 5 अप्रैल से शुरू हुआ है और 24 अप्रैल तक चलेगा। इस ब्लॉक के कारण समता, छत्तीसगढ़ और गोंडवाना एक्सप्रेस जैसी दिल्ली जाने वाली कई प्रमुख ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। आम तौर पर इन ट्रेनों के जरिए बड़ी संख्या में लोग छत्तीसगढ़ से उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और दिल्ली का सफर तय करते हैं। इनके रद्द होने के बाद दिल्ली जाने वाले यात्रियों को बमुश्किल दिन में एक या दो ट्रेनें ही मिल पा रही हैं। इन बची हुई ट्रेनों में भी वेटिंग इतनी ज्यादा पहुंच रही है कि रेलवे को दो दिन पहले ही टिकट बुकिंग बंद करनी पड़ रही है। ▶▶| शेष पेज 11 पर

### वेटिंग पहुंची 120 के पार बुकिंग करनी पड़ रही बंद

*प्रमुख ट्रेनों के रद्द होने से दिल्ली के लिए अब केवल राजधानी एक्सप्रेस, हमसफर और संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ही चल रही हैं। ये ट्रेनें साप्ताहिक हैं, इसलिए रोजाना उपलब्ध नहीं हैं। वर्तमान में इन ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट 120 के पार पहुंच चुकी है। अत्यधिक मांग के कारण सफर से एक दिन पहले ही सभी कोच में टिकट बुकिंग बंद करनी पड़ रही है। 14 अप्रैल को हमसफर और उधमपुर एक्सप्रेस के स्लीपर और थर्ड एसी कोच में वेटिंग 100 से 120 के बीच है। 24 अप्रैल तक लगभग सभी ट्रेनों में वेटिंग का आंकड़ा 80 से 100 के बीच बना हुआ है। अब यात्रियों के लिए कंफर्म टिकट मिलने की संभावना लगभग खत्म हो चुकी है। ऐसे में सफर के लिए अंतिम विकल्प केवल जनरल कोच ही बचा है, जिसमें इतनी भारी भीड़ के बीच सफर करना हर यात्री के लिए बिल्कुल भी आसान नहीं है।*

## आम आदमी की किस्मत में धक्के खाना ही लिखा है



2 कई जगह चावल नहीं, कहीं शक्कर नहीं मिल रही

# नान गोदाम में गाड़ियों का टोटा, चावल की सप्लाई कम, दुकानों के बाहर कतारें



हरिभूमि लाइव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर की उचित मूल्य की दुकानों में एक ओर जहां चावल उत्सव मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर नागरिक आपूर्ति निगम के मंदिर हसौद गोदाम में गाड़ियों का टोटा होने के कारण कई दुकानों में चावल का स्टॉक ही नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण हितग्राहियों को भी बैरंग लौटना पड़ रहा है। हरिभूमि ने शुक्रवार को मंदिर हसौद गोदाम में जाकर इसकी लाइव पड़ताल की। इससे पता चला कि आखिर दुकानों में क्यों समय पर चावल का भंडारण नहीं हो पा रहा है।

मंदिर हसौद नागरिक आपूर्ति निगम की गोदाम प्रभारी संगीता सिंह ने बताया ▶▶| शेष पेज 11 पर

### शासन के भी इस मामले में सख्त निर्देश

इस मामले में शासन के भी सख्त निर्देश हैं कि सभी दुकानों में चावल का पर्याप्त स्टॉक होना चाहिए, लेकिन अगर किसी दुकान में स्टॉक खत्म हो गया है, तो सबसे पहले उस दुकान में भंडारण कराना सुनिश्चित किया जाए। शासन के इस निर्देश का भी गोदाम में पालन नहीं किया जा रहा है।

**केस 1**

दुकान आईडी 1316 दुकान के संचालक ने शक्कर की मांग की है, लेकिन अब तक यहां भेजी नहीं गई है।

**केस 2**

आईडी 1278 में भी शक्कर और नमक दोनों की मांग की गई है, जिसके कारण हितग्राहियों को लौटना पड़ रहा है।

**केस 3**

दुकान आईडी 1277 में भी शक्कर और नमक दोनों के लिए मांग की गई है, लेकिन अब तक यहां भंडारण नहीं कराया गया है।

**केस 4**

दुकान आईडी 1306 में भी शक्कर के साथ नमक नहीं पहुंचा है। इसके कारण दुकानदार के साथ हितग्राही भी परेशान हो रहे हैं।

लोग जाम से हो रहे परेशान, हर दिन शाम छह से सात बजे के बीच लगता है जाम

# राजेंद्र नगर में लगा लंबा जाम, फंसे रहे लोग



3

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजेंद्र नगर ओवरब्रिज के पास आए दिन शाम के समय सर्विस रोड में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। राजेंद्र नगर अंडर ब्रिज से कटोरातालाब जाने वालों की वजह से शनिवार देर शाम ब्रिज के नीचे जाम की स्थिति रही। लोग आधे घंटे से ज्यादा समय तक जाम से जूझते रहे। राजेंद्र नगर जाने वाले मेन चौक के पास जाम लगने से सर्विस रोड के दोनों तरफ जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। कटोरातालाब जाने राजेंद्र नगर अंडर पास को बंद कर टैगोर नगर अंडर पास रूट डायवर्ट करती है तो वहां जाम की स्थिति निर्मित होगी। टैगोर नगर अंडर पास काफी छोटा है, इसलिए वहां और ज्यादा जाम की स्थिति निर्मित होगी। इसके साथ ही महावीर नगर के रास्ते से कटोरा तालाब जाने रूट डायवर्ट करती है तो महावीर नगर सिग्नल के पास जाम की स्थिति निर्मित होगी।

### कई रास्ते फिर भी जाम

कटोरातालाब जाने अमलीह से कैनल रोड है। इसके चलते अमलीडीह के तरफ के लोग कैनल रोड से कटोरातालाब पहुंच जाते हैं। राजेंद्र नगर के रहवासियों को कैनल रोड से कटोरा तालाब जाने उल्टा पड़ेगा। इस वजह से राजेंद्र नगर के रहवासी कैनल रोड से अमलीडीह जाने पहरेज करते हैं।

### इस वजह से भी बढ़ा ट्रैफिक दबाव

कनेक्टिविटी बढ़ने के बाद अमलीडीह सहित राजेंद्र नगर में पिछले एक दशक में डेढ़ दर्जन से ज्यादा कालोनी विकसित हुई है। इसके चलते राजेंद्र नगर तथा अमलीडीह की आबादी दो से तीन लाख के करीब पहुंच गया है। इसके चलते इस क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव बढ़ा है। ट्रैफिक दबाव बढ़ने से भी जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।



## लूट के आरोप में तीन नाबालिग सहित पांच गिरफ्तार



**रायपुर।** मुजगहन थाना क्षेत्र में आठ अप्रैल को शादी समारोह से लौट रहे परिवार के साथ लूट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में तीन नाबालिग शामिल हैं। कुल पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पूर्व में भी चोरी के आरोप में जेल जा चुके हैं।

आरोपियों ने शादी से लौट रहे एक महिला समेत चार लोगों के साथ मारपीट कर सोने की चेन, नकदी, ताबीज तथा बाइक लूट ली थी। भूषण साहू की शिकायत पर पुलिस ने चेतन नामदेव, नितिन ध्रुव को गिरफ्तार किया है। चेतन तथा एक अन्य नाबालिग पूर्व में चोरी के आरोप में जेल जा चुके हैं। भूषण ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि घटना दिनांक को वो अपनी दोनों भांजी तथा साथी के साथ दो बाइक में भाठागांव से मुजगहन की ओर जा रहे थे। इस दौरान सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कालोनी ▶▶| शेष पेज 11 पर

दंत चिकित्सा के छात्रों को देते हैं बीपी, शुगर, हार्ट सहित अन्य बीमारियों का ज्ञान

# सरकारी डेंटल कालेज में टीचरों का टोटा 23 पद स्वीकृत, काम पर केवल एक ही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राज्य के एकमात्र शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय के छात्रों को बीपी-शुगर सहित अन्य गंभीर बीमारियों का ज्ञान देने वाले मेडिकल टीचरों का भयंकर टोटा है। वैसे तो वहां मेडिकल सब्जेक्ट के असिस्टेंट प्रोफेसरों के 23 पद स्वीकृत हैं, मगर इसमें एकमात्र संविदा शिक्षक कार्यरत है। मेडिकल व्याख्याता के इन पदों के खाली होने की वजह प्रमोशन, त्यागपत्र, रिटायरमेंट के साथ नई भर्ती का नहीं होना बना।

राजधानी में राज्य का एकमात्र शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय का संचालन होता है। केवल एक होने के बाद भी यह विभागीय उपेक्षा का शिकार होता है। सीमित संसाधनों से आने वाले मरीजों के इलाज के साथ यहां दंत चिकित्सा छात्रों की पढ़ाई भी कराई जाती है। वैसे तो डेंटल के संबंधित शिक्षकों की संख्या पर्याप्त है, मगर यहां के छात्रों को मेडिकल से संबंधित पढ़ाई कराने वाले ▶▶| शेष पेज 11 पर



### 35 प्रतिशत पद खाली

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में चिकित्सा शिक्षकों 35 फीसदी पद खाली है। यहां डेंटल विषय के प्राध्यापक के कुल 9 के 9 पद भरे हुए हैं। सह प्राध्यापक के 22 में से 20 पद भरे हुए हैं और केवल 2 पद रिक्त है। सहायक प्राध्यापक (डेंटल विषय) के कुल 40 में 36 सेवारत है और 6 पद रिक्त है। वहीं सहायक प्राध्यापक (मेडिकल) के कुल 23 में 22 पद खाली है।

### शासन को भेजा गया प्रस्ताव

*रिक्त पदों की भर्ती के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। अन्य बीमारियों से पीड़ितों के दंत चिकित्सा के इलाज के दौरान बेहतर प्रबंधन के लिए मेडिकल से संबंधित अन्य विषयों की पढ़ाई कराई जाती है।*

*- डा. विरेन्द्र वाढेर*
*प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय*

### अन्य सुविधाओं का भी इंतजार

*दंत चिकित्सा की पढ़ाई के दौरान किए जाने वाले प्रेक्टिकल के लिए आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता तथा अन्य सुविधाओं का भी यहां इंतजार किया जा रहा है। कालेज प्रबंधन द्वारा भेजे गए आवश्यक उपकरणों के प्रस्ताव को हरी झंडी के बाद खरीदी की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को दी गई थी। दो साल से ज्यादा का समय बीतने के बाद भी खरीदी की प्रक्रिया टेंडर से आगे नहीं बढ़ पाया है।*

सालभर में 46 आवेदनों का ही हो सका है निराकरण

# प्रदेश में पीएम सूर्य घर के आवेदन पौने दो लाख, सोलर पैनल 25 फीसदी ही लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में सालभर में आवेदन तो पौने दो लाख के पार होकर 180229 आ गए हैं, लेकिन जहां सोलर पैनल लगाने की बात है, तो सालभर में आवेदनों की तुलना में महज 25 फीसदी सोलर पैनल ही लगे हैं। दो साल में 1.30 लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है। दो साल के लक्ष्य से कहीं ज्यादा आवेदन तो जरूर आ गए हैं लेकिन सोलर पैनल लगाने की रफ्तार धीमी होने के कारण एक साल के लक्ष्य ▶▶| शेष पेज 11 पर



### डबल सब्सिडी से फायदा

योजना में उपभोक्ताओं की रुचि लाने के लिए प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार के साथ ही राज्य सरकार की तरफ से भी सब्सिडी देने का काम प्रारंभ किया है। जहां तीन किलोवाट पर केंद्र सरकार की 78 हजार की सब्सिडी मिल रही है, वहीं राज्य सरकार भी 30 हजार की सब्सिडी दे रही है। एक और दो किलोवाट पर केंद्र के साथ राज्य सरकार की सब्सिडी मिल रही है। राज्य सरकार की सब्सिडी के ऐलान के बाद योजना में आवेदनों की रफ्तार में बहुत ▶▶| शेष पेज 11 पर

### 46 हजार सोलर पैनल ही लगे

*प्रदेश में सोलर पैनल लगाने के लिए पांच सौ से ज्यादा वेंडर तय हैं, इसके बाद भी लक्ष्य के हिसाब से सोलर पैनल लगाने की रफ्तार बहुत धीमी है। लेकिन योजना के प्रारंभ होने के कुछ माह बाद से तुलना की जाए तो उसके मुकाबले रफ्तार बढ़ी है। पहले तो बीते साल जून तक महज साढ़े तीन हजार सोलर पैनल ही लगे थे और 42 हजार आवेदन आए थे। इसके बाद जब बीते साल प्रदेश सरकार ने भी सब्सिडी का ऐलान किया तो इसके बाद से इसकी रफ्तार में इजाफा हुआ है। बीते छह माह में जहां एक लाख से ज्यादा आवेदन आए हैं, वहीं करीब 40 हजार सोलर पैनल लगे हैं। आज की स्थिति में जहां 46613 आवेदनों पर सोलर पैनल लगे हैं, वहीं इन आवेदनों से 48097 घर रोशन हुए हैं। आवेदनों से ज्यादा घरों के कवर* ▶▶| शेष पेज 11 पर




## खबर संक्षेप



### दिवंगत मित्र के परिवार के लिए सहपाठियों ने जुटाए 40 हजार

**तरपोंगी।** कहते हैं दोस्ती वो धागा है जो ताउम्र बंधा रहता है। इस पंक्ति को चरितार्थ कर दिखाया है मोहदा सहित आस पास के युवाओं ने। स्कूल के सहपाठियों ने अपने दोस्त के निधन पर आपस में सहयोग राशि इकट्ठा कर परिजनों को सौंपा है। इस पहल से युवाओं ने न केवल परिवार का संबल बढ़ाया है बल्कि दोस्ती की मिशाल भी पेश किया है। युवाओं की इस पहल की काफी सराहना भी की जा रही है। दरअसल, बीते दिनों सड़क दुर्घटना में राजेन्द्र वर्मा मोहदा निवासी की मृत्यु हो गई। जिसके बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरपोंगी के सन 1980 से 2010 तक के बैच के भूतपूर्व विद्यार्थियों ने एक अच्छी सोच दिखाते हुए व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से चर्चा कर सभी विद्यार्थियों द्वारा स्वेच्छा से आपस में सहयोग राशि इकट्ठा की गई। जिसमें 40575 एकत्रित कर सहयोग राशि मृतक के परिजन को प्रदान करते हुए दिव्यात्मा राजेन्द्र वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

### अक्षय बने तहसील साहू संघ प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तहसील साहू संघ अभनपुर द्वारा संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए युवा प्रकोष्ठ टीम का गठन किया गया है। इसी क्रम में ग्राम थनौंद के युवा सरपंच अक्षय साहू को तहसील युवा प्रकोष्ठ टीम में उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके समाज के प्रति कार्यशीलता, कार्यकुशलता, सक्रियता एवं संगठन के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए की गई है। तहसील साहू संघ अभनपुर के अध्यक्ष तुलेश साहू एवं सर्वसम्मति से यह नियुक्ति की गई।

### शिक्षिका सोनकर ने कराया भिलाई स्कूल न्योता भोज

**आरंग।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भिलाई में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षिका मैडम बसंती सोनकर ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में बच्चों के साथ खुशियाँ साझा करते हुए पूर्व माध्यमिक शाला भिलाई के बच्चों को जलेबी खिलाकर न्योता भोज कराया और जीवन में मिठास के लिए कई मजेदार कहानियाँ भी सुनाईं। न्योता भोज में विशेष रूप से लखन लाल चंद्राकर (प्राचार्य), वरिष्ठ व्याख्याता चंदूलाल साहू, डॉर्थी तांडी (प्रधान पाठक), जितेंद्र शुक्ला (संकुल समन्वयक), भरत लाल साहू, खम्मन लाल साहू, शंकर लाल वर्मा, पुष्पलता चंद्राकर, तृप्ति शर्मा, पुष्पा चंद्राकर, बसंती सोनकर, चुमेश्वरी साहू, उमाशंकर यादव, दुर्गेश कंडरा आदि की उपस्थिति रही।

### निधन

**विश्वनाथ साहू**

**आरंग।** ग्राम बनचरौदा निवासी 58 वर्षीय विश्वनाथ साहू का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया।



उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे रामहीन बाई के पुत्र, नर्मदा के पति व योगेश, टूकेश के पिता थे।

# महतारी वंदना योजना से नीलम के आंगन में आई समृद्धि की मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर महतारी वंदना योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला सशक्तीकरण के बीच एक मजबूत सेतु बनकर उभरी है। आरंग विकासखंड के एक छोटे से घर से शुरू हुई नीलम देवांगन की यह यात्रा आज पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। यह कहानी केवल बैंक खाते में आने वाले 1000 रुपयों की नहीं, बल्कि उन रुपयों के पीछे छिपे आत्मविश्वास और स्वावलंबन के संकल्प की है। नीलम की इस सफलता की नींव तब पड़ी, जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रजनी देवांगन ने उन्हें शासन की इस कल्याणकारी योजना की बारीकियों से रूबरू कराया। शुरुआत में यह राशि सामान्य लग रही थी, लेकिन नीलम ने इसे अपनी व्यक्तिगत जरूरतों पर खर्च करने के बजाय निवेश का जरिया बनाया। उन्होंने अपनी बेटी के सुनहरे भविष्य का सपना बुनते हुए सबसे पहले एलआईसी की किश्त भरना शुरू किया। उनका मानना था कि शासन से मिलने वाली यह मदद उनकी बेटी की शिक्षा और सुरक्षा के काम आनी चाहिए। अपनी पारिवारिक जिम्मेदारी निभाने के साथ-साथ नीलम के मन में खुद की एक पहचान बनाने की ललक थी।

## महिला सशक्तीकरण को मिला संबल



### फैंसी स्टोर की शुरुआत की

उन्होंने घर के एक छोटे से कोने में फैंसी स्टोर की शुरुआत की। दुकान के लिए शुरुआती सामग्री और साज-सज्जा का सामान उन्होंने इसी योजना से मिलने वाली राशि से जुटाया। देखते ही देखते उनकी छोटी सी दुकान गांव की महिलाओं की पसंद बन गई। आज स्थिति यह है कि नीलम को अब अपनी दुकान के संचालन के लिए किसी अन्य पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। दुकान से होने वाली आय और योजना की मासिक राशि ने मिलकर उनके जीवन की आर्थिक अनिश्चितता को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। नीलम देवांगन आज गर्व के साथ कहती हैं कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की इस योजना ने महिलाओं को 'हाथ फैलाने' वाली स्थिति से उबारकर 'हाथ थामने' और 'रोजगार देने' की स्थिति में खड़ा कर दिया है। उनके स्टोर की सफलता ने गांव की अन्य महिलाओं को भी यह संदेश दिया है कि यदि सरकारी योजनाओं का सही दिशा में नियोजन किया जाए, तो आत्मनिर्भरता का लक्ष्य कठिन नहीं है। नीलम की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि जब एक महिला सशक्त होती है, तो उसका पूरा परिवार और समाज प्रगति की राह पर अग्रसर होता है।

## आंदोलन : शोषण की बेड़ियाँ तोड़ने प्लांट के द्वार पर डटे श्रमिक

# सिलतरा के श्रमिकों की दस सूत्रीय मांगों पर बनी सहमति, आंदोलन हुआ समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

राजधानी रायपुर के सबसे बड़े औद्योगिक हृदय स्थल सिलतरा में शनिवार को उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब गोदावरी इस्पात पावर लिमिटेड के मुख्य द्वार पर मजदूरों का आक्रोश एक विशाल जन-आंदोलन के रूप में फूट पड़ा। पिछले कई समय से शोषण की चक्की में पिस रहे मजदूरों ने अब अपने अधिकारों के लिए आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया है। यह विरोध प्रदर्शन केवल कुछ मांगों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें आसपास की ग्राम पंचायतों के सरपंचों और जागरूक जनप्रतिनिधियों के शामिल होने से इसे एक अभूतपूर्व जन-समर्थन प्राप्त हुआ है। सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में मजदूर फैक्ट्री के गेट पर जमा हो गए और उद्योगपतियों के रसूख के खिलाफ नारे बुलंद किए।

आंदोलन में शामिल मजदूरों का सीधा और गंभीर आरोप है कि वे लंबे समय से औद्योगिक इकाइयों के भीतर शोषित किए जा रहे हैं। उनका कहना है कि भीषण गर्मी और कारखानों की तपती भट्टियों के बीच उनसे नियमानुसार 8 घंटे के बजाय 12-12 घंटे तक हाड़तोड़ काम लिया जा रहा है, लेकिन जब मेहनताना देने की बारी आती है, तो उन्हें शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम कलेक्टर दर का आधा हिस्सा भी नहीं दिया जाता। ठेकेदारी प्रथा के मकड़जाल में फंसे इन श्रमिकों ने भारी मन से अपनी व्यथा सुनाई कि जहाँ एक ओर उद्योगपति दिन-दुगना मुनाफा कमा रहे हैं, वहीं इन फैक्ट्रियों की नींव रखने वाले मजदूर अपने परिवार का पेट पालने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी और दुर्घटना की स्थिति में मुआवजे की ठोस व्यवस्था न होने ने इस असंतोष को और अधिक हवा दी है।



### सहमति बनी, आंदोलन समाप्त

मजदूरों की शिकायतों और उनकी मांगों को लेकर प्रबंधन के साथ चर्चा की गई है। प्रशासन की प्राथमिकता औद्योगिक क्षेत्र में शांति बनाए रखने के साथ-साथ श्रमिकों को शासन द्वारा निर्धारित वाजिब हक दिलाना है। दोनों पक्षों के बीच सहमति बनने के बाद अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और हड़ताल समाप्त करा दी गई है।

### प्रशासन के हस्तक्षेप से सप्लाई वर्करों और प्रबंधन के बीच का गतिरोध समाप्त

अपनी मांगों को लेकर अड़े सप्लाई वर्करों और उद्योग प्रबंधन के बीच जारी गतिरोध शनिवार को दोपहर बाद वार्ता के पश्चात समाप्त हो गया। जिसमे पिछले 10 वर्षों से कार्यरत वर्करों के नियमितीकरण, 8 घंटे की शिफ्ट के कड़ाई से पालन, 20 हजार रुपये दिवाली बोनस और दुर्घटना की स्थिति में 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग को लेकर श्रमिक लामबंद थे। दोपहर बाद उद्योग प्रबंधन और आंदोलनरत जनप्रतिनिधियों के बीच हुई अहम बैठक में सभी मांगों पर गौर करने की सहमति बनी, जिसके बाद हड़ताल वापस ले ली गई। यह देखना सुखद रहा कि प्रशासन मौन रहने के बजाय इन मेहनतकश हाथों को उनका वाजिब हक दिलाने के लिए आगे आया।

### आंदोलन के दौरान पुलिस और मजदूरों के बीच तीखी नोकझोक

अपनी मांगों को मनवाने के लिए बड़ी संख्या में श्रमिकों ने एकजुट होकर कारखाने के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया, जिसके मद्देनजर प्रशासन द्वारा मौके पर तहसीलदार और भारी पुलिस बल की तैनाती की गई। आंदोलन के दौरान माहौल तब और गरमा गया जब प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश में पुलिस और मजदूरों के बीच तीखी नोकझोंक और खींचतान हुई। मजदूर अपनी मांगों पर पूरी तरह अड़े रहे और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, वहीं प्रशासन लगातार उन्हें समझाने और स्थिति को नियंत्रण में रखने का प्रयास करता रहा।

# ट्रैफिक अव्यवस्था पर कांग्रेस कल करेगी मंत्री के बंगले का घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

13 अप्रैल क्षेत्रीय विधायक मंत्री टंक राम वर्मा के तिल्दा स्थित बंगले का घेराव को लेकर शनिवार को कांग्रेस भवन तिल्दा में रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे की उपस्थिति में विशेष तैयारी बैठक आयोजित की गई । बैठक में बूथ कमेटी ग्राम कमेटी वार्ड कमेटी गठन के प्रभारी विनोद सेवन लाल चंद्राकर (पूर्व विधायक महासमुंद ), बलौदा बाजार विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी मोती हिंदूजा लक्ष्मी नारायण वर्मा राम गिड़लानी की विशेष उपस्थिति थे। बैठक में तिल्दा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष अजितेश शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ साहू, नगर पालिका पार्षदों एवं क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया बंगला घेराव का निर्णय लिया गया। मुख्य रूप से तिल्दा बाईपास सड़क ,तिल्दा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस की पूर्ण अनुपस्थिति, जिसके कारण यातायात अस्त-व्यस्त है और कई गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। ऑनलाइन जुआ एवं सट्टेबाजी का बढ़ता खेल, जिससे युवाओं का भविष्य खतरे में है गैस सिलेंडर रिफिलिंग आदि समस्याओं पर लोगों का आक्रोश है।

बैठक में सोनू विजय मारकंडे, राजेश कुमार पप्पू नामदेव, किरण नानू छाबरिया, रामगिड़लानी, मोती हिंदूजा, देवादास टंडन, नीरज राठी, नवीन अग्रवाल, देवेंद्र वर्मा, लक्ष्मी नारायण वर्मा, राहुल तेजवानी, सुनील सोनी, सनत सेन, जितेंद्र सेन, कृष्णमूर्ति, ओम ठाकुर, रतन चंद निषाद, दुर्गेश नसीने, गजानंद वर्मा, अजय मारकंडे, हरि कोठारी, पुनाराम वर्मा, दिगेश्वर वर्मा, गोवर्धन यादव, राजेश जेठवानी, अनिल बत्रा, तोरण जांगड़े, अमजद खान, जितेंद्र ध्रुव, दिलीप देवांगन, विश्राम चक्रधारी, विनोद सोनी, रामकुमार वर्मा, चिंतन नवरंगे, सृजन सोनी, विजय चांदनी, श्याम वाधवा, राजेंद्र ठाकुर एवं अन्य वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीमा नवाजतन वारियर्स सम्मान से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

बुनियादी साक्षरता, संख्या ज्ञान एवं नवीन शिक्षण पद्धति नवाजतन को विद्यालय में प्रभावी रूप से अपनाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अभनपुर विकासखंड की प्राथमिक शाला कठिया 2 की अध्यापिका सीमा पालेश्वर को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। उन्हें गजेंद्र यादव द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर एफएलएन सह नवाजतन वारियर्स सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने चयनित शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके समर्पण, मेहनत और नवाचारपूर्ण प्रयासों से शिक्षा की गुणवत्ता में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्होंने शिक्षकों को इसी तरह आगे भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। सीमा पालेश्वर को मिले इस सम्मान पर बीईओ धनेश्वरी साहू, प्रधानपाठक मनोज साहू, राधेश्याम नारंग, धीरा राम साहू, सुमन तिवारी एवं जीवन रेखा निषाद सहित अन्य शिक्षकों व कर्मचारियों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## बेमता में भक्त कर्मा माता की जयंती आज

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम बेमता में 12 अप्रैल को भक्त कर्मा माता की जयंती मनाई जाएगी। सुबह 9 बजे कलश यात्रा, दोपहर 12 बजे पूजा अर्चना व प्रसादी वितरण दोपहर 2 बजे अतिथियों का स्वागत। रात्रि 9 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक बयार आरंग गंगा साहू का कार्यक्रम आयोजित है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंक राम वर्मा खेल एवं राजस्व मंत्री होंगे। अध्यक्षता तखत राम साहू अध्यक्ष साहू समाज बेमता करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि देवनाथ साहु अध्यक्ष जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण, मनीराम साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ तिल्दा, अनिल अग्रवाल सांसद प्रतिनिधि जिला पंचायत रायपुर, विशिष्ट अतिथि चांदनी यदु जनपद सदस्य, राजू शर्मा किसान नेता व पूर्व जिला पंचायत सभापति रायपुर, पोषण साहू संरक्षक तहसील साहू संघ तिल्दा, गिरेन्द्र साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ तिल्दा, संगीत साहू महिला उपाध्यक्ष, संतोष साहू अध्यक्ष लखना परिक्षेत्र, मुकेश साहू उपाध्यक्ष लखना परिक्षेत्र, सोनम साहू उपाध्यक्ष लखना परिक्षेत्र, दुष्यंत साहू संगठन सचिव, रत्नी साहू महिला संगठन सचिव, जगराखन साहू, सरपंच ग्राम पंचायत बेमता, चेतन वर्मा उप सरपंच, रघुनाथ साहू, शेखर साहू, कौशल साहू, मीना साहू, परमेश्वर साहू, विनोद साहू, रामजी साहू आदि होंगे।

## झांकी प्रतियोगिता में कुगदा कुम्हारी की मंडली प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

समीपस्थ ग्राम गुजरा में दो दिवसीय जस गीत झांकी प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। झांकी प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार जय मां शक्ति मिंटू जस झांकी परिवार कुगदा कुम्हारी, द्वितीय श्री जय मां अंबे जस झांकी परिवार सांकरा बेरला, तृतीय श्री शक्ति जस झांकी परिवार सिलघट भिम्भौरी, चतुर्थ जय मां जगदंबा जस झांकी परिवार पचपेड़ी भाखरा, पंचम जय मां आदिशक्ति जस बइहा झांकी परिवार भालेसर रहे।



जस गीत गायन में प्रथम जय मां लक्ष्मी बालिका सेवा जस भजन मंडली यादव परिवार जोरातराई, द्वितीय नव जागृति जस परिवार देवसरा मोहन्दी पाट बालोद, तृतीय माता के फूल बालिका जस परिवार सलौनी ढारा राजनंदगांव, चतुर्थ श्री अजय नवदुर्गा सेवा एवं फाग मंडली ढाबा अंजोरा, पंचम दीप ज्योति जस जगराता परिवार जोगी दल्ली संगीत नगरी खैरागढ़ को पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सरपंच सरोज वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि चंद्रकुमार वर्मा, पंच ढालेंद्र यादव, पंच श्रीराम वर्मा, राजेश ठाकुर, कृष्ण कुमार पटेल, भूपेंद्र चौहान सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## पीएचसी और साहू समाज के सहयोग से 48 यूनिट रक्त संग्रहित जिपं सदस्य ने की पांच लाख रुपए की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्राम खोरपा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोरपा एवं ग्रामीण साहू समाज के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान महादान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में बिट्टू फाउंडेशन, कल्पतरु कंपनी, श्री रामकृष्ण हार्डवेयर तथा डीकेएस अस्पताल के इंडियन रेड क्रॉस ब्लड बैंक का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अनु तारक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्राम खोरपा के विकास के लिए 5 लाख रुपए की अनुदान राशि दिलाने की घोषणा भी की।

वहीं पूर्व जनपद सदस्य अर्जुन धीवर ने कहा कि हर चार माह में ऐसे रक्तदान शिविर आयोजित किए जाने चाहिए, जिससे जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। आरएमए डीएस नेताम ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 10 वर्षों में यहां लगातार 16 बार रक्तदान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इस बार के शिविर में कुल 48 लोगों ने रक्तदान किया, जिन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मंच संचालन करते हुए नेत्र सहायक अधिकारी रोशन साहू ने किया।

यह शिविर विकासखंड अभनपुर के शासकीय अस्पतालों में अब तक का सबसे सफल शिविर रहा, जिसमें सर्वाधिक रक्त यूनिट संग्रहित किए गए। उन्होंने बताया कि 18 से 65 वर्ष तक का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।

# ग्राम कुकरा में 28 अतिक्रमणों पर चला बुलडोजर और 18 को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

विकास की राह में रोड़ा बने अवैध कब्जों के खिलाफ ग्राम कुकरा में आज एक नए युग की शुरुआत हुई है। लंबे समय से सरकारी घास जमीन पर कुंडली मारकर बैठे अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध शासन, प्रशासन और ग्राम पंचायत ने मिलकर अब तक की सबसे बड़ी और निर्णायक कार्रवाई को अंजाम दिया। शनिवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जब प्रशासन का बुलडोजर गरजा, तो वर्षों से चली आ रही बेजा कब्जे की समस्या ताश के पत्तों की तरह ढह गई। इस पूरी कार्रवाई को केवल एक अभियान के रूप में नहीं, बल्कि गाँव की सार्वजनिक संपत्ति को मुक्त कराने की एक ऐतिहासिक शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

**ग्राम पंचायत की अटूट एकता**

इस मुहिम की सफलता के पीछे सबसे बड़ी शक्ति ग्राम पंचायत की अटूट एकता रही। सरपंच नंदलाल डहरिया, उपसरपंच और समस्त पंचगणों ने जिस निडरता और स्पष्टवादिता का परिचय दिया, वह पूरे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के लिए एक मिसाल बन गया है। जहाँ अक्सर विवादों के डर से ऐसे मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है, वहीं कुकरा के इन जागरूक प्रतिनिधियों ने गाँव के सामूहिक हितों को सर्वोपरि रखते हुए प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मोर्चा संभाला। पंचायत के इस साहसिक नेतृत्व के कारण ही आज गाँव की कीमती घास जमीन को भू-माफियाओं और अतिक्रमणकारियों के चंगुल से छुड़ाना संभव हो पाया है। सरपंच और उनकी टीम की इस कर्तव्यनिष्ठा की गूँज आज पूरे आरंग क्षेत्र में सुनाई दे रही है।

### अवैध हिस्सा को तोड़ा गया

सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजामों के बीच मंदिरहसौद थाना प्रभारी और नायब तहसीलदार नीलम ठाकुर की मौजूदगी में शनिवार को 8 ग्रामीणों द्वारा बनाई गई मकानों में निर्मित अवैध हिस्से व एक किसान के खलिहान के बाउंड्री को जमींदोज कर दिया गया। हालांकि कार्रवाई के प्रारंभिक चरण में अतिक्रमणकारियों ने विरोध जताते हुए बाधा डालने की कोशिश की और मौके पर काफी गहमागहमी भी हुई, लेकिन पुलिस की सख्त घेराबंदी और प्रशासनिक अधिकारियों की दो टूक समझाइश के आगे विरोध की स्वर फीके पड़ गए। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया कि सरकारी जमीन पर कोई भी अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अंततः स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए कब्जाधारियों को भी पीछे हटना पड़ा और पंचायत की जीत का मार्ग प्रशस्त हुआ। आज की यह कार्रवाई तो महज एक शुरुआत है, क्योंकि असली सफाई अभियान अभी बाकी है। प्रशासन ने एक सजग ग्रामीण की शिकायत पर पहले ही 18 अन्य अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर उन्हें नोटिस थमा दिया है। नायब तहसीलदार नीलम ठाकुर ने कड़े लहजे में कहा है कि आज की कार्रवाई एक चेतावनी है जैसे ही ग्राम पंचायत की ओर से बाकी चिन्हित कब्जों का औपचारिक प्रस्ताव प्राप्त होगा, बिना किसी रियायत के शेष 28 अवैध निर्माणों पर भी प्रशासन का डंडा चलेगा। इस दबंग कार्रवाई के बाद जहाँ कब्जाधारियों में दहशत का माहौल है, वहीं आम ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्राम पंचायत की इस सक्रियता ने यह संदेश दे दिया है कि कुकरा में अब व्यक्तिगत स्वार्थ नहीं, बल्कि न्याय और विकास का राज होगा।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं. चंदखुरी, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर

**// आम सूचना //**

जारी दिनांक 09/04/2026

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुषमा चन्द्राकर पति सीताराम चन्द्राकर निवासी कोरबा द्वारा आवेदित ग्राम नरदहा प.ह.न. 01 राजस्व निरीक्षक मंडल चंदखुरी तहसील मंदिर हसौद स्थित भूमि खसरा नं 1388/17 रकबा क्रमशः 0.06 हे. भूमि का बटांकन / सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के ज्ञापन क्रमांक / वाचक/तह./2026 मंदिर हसौद दिनांक 24/03/2026 के परिपालन में दिनांक 15/04/2026 को समय अपरान्ह 12 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः आवेदक एवं नजदीक के कृषकगण अपने दस्तावेज सहित निर्धारित दिनांक को स्थल पर उपस्थित होवें । उक्त बटांकन / सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो वे उक्त बटांकन / सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नं 01 के नरदहा स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरांत किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. चंदखुरी, तहसील मंदिर हसौद

**// आम सूचना //**

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार द्वारा क्रेता संजय राठी पिता-श्री सत्यनारायण राठी निवासी अवंती बाई चौक, लोधी पारा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता श्रीमती कल्पना ठाकरे पति स्व. दीपक ठाकरे निवासी-सेक्टर-03, वार्ड नं.-22, देवेन्द्र नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित मौजा ग्राम-खपरी, प.ह.नं. 21, रा.नि.मं. मुरमुंदा, तहसील अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि ख.नं.-126/7 (शामिल खाता की भूमि) 126/10, 132 रकबा क्रमशः 0.790 हे., 0.220 हे., कुल रकबा 1.01 हेक्टेयर कृषि भूमि को मेरे पक्षकार क्रेता द्वारा चुक्ता 50,00,000/-रूपये में क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है तथा उपरोक्त वर्णित भूमि खसरा नंबर को किसी अन्य व्यक्ति, संस्था व निकाय के साथ विक्रय इकरारनामा या सौदा किया जाता है तो उसे शून्य माना जावेगा।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के स्वत्व, अधिकार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय विभागों को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते में कार्यालयीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जायेगा तत्पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति शुन्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधन कारी नहीं होगी,

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-08/04/2026
भवदीय
नरेन्द्र महिलांग (अधिवक्ता)
कार्यालय :- ब्लॉक-बी, गली नं.-10, विप्र नगर, रायपुरा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
मो.नं.-9827980919

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार श्री ओंकार सिंह ठाकुर पिता श्री लक्ष्मीनारायण सिंह ठाकुर निवासी- ग्राम मटिया पो. दोंदेकला, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. वाले ने विक्रेता / भवन स्वामी श्री सुजीत कुमार पिता श्री सुरेन्द्र प्रसाद साह निवासी - म.नं.- एस - 168, दोदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कालोनी दोदेखुर्द रायपुर छ.ग. वाले से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल रायपुर की सीनियर एल.आई.जी. आवास योजनांतर्गत वाके मौजा ग्राम दोंदेखुर्द, प.ह.नं.- 12 धरसींवा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित मकान, म.नं.- एल.आई.जी. – 186, खसरा नंबर - 220/2–3, 224/4-9 का भाग क्षेत्रफल 1358.66 वर्गफूट भूमि जिसमें भूतल पर 430 वर्गफूट का साधारण मकान निर्मित है शेष खुला है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम ब्याना राशि अदा कर दिया है। मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त क्रय-विक्रय के संव्यवहार से जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासन, प्रशासन इत्यादि को उक्त भूमि या उसमें किसी भाग पर कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा बाद बीतने म्याद की गई संपूर्ण उजर, दावा या आपत्ति अवैध, विधि विरूद्ध एवं शून्य होगी जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

अतः सो सूचना जाने।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक 11/04/2026
मयंक सिंह ठाकुर, अधिवक्ता
गौठान चौक, संत रविदास वार्ड क्रमांक-70 सरोना, रायपुर छ.ग. मो.नं.- 93293–51750

न्यायालय तहसीलदार, तहसील मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/Q/वाचक/तह./2026 मंदिर हसौद,
दिनांक 02.04.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक देवकी बाई धीवर पिता बाबूलाल निवासी राखी द्वारा ग्राम राखी, प.ह.नं.- 25, रा.नि.मं. पलौद, तहसील मंदिर हसौद, जिला-रायपुर की स्थित भूमि खसरा नंबर 570, 787 रकबा कुल 0.77 हे. भूमिस्वामी बाबूलाल के नाम पर दर्ज था। जिसे नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण को विक्रय/अधिग्रहित किया जा चुका है। उसका पूर्ण भुगतान किया जा चुका है। तद्पश्चात विक्रेता की मृत्यु दिनांक 07.04.2023 को हो चुकी है किन्तु शासन द्वारा दी जाने वाली अतिरिक्त राशि/बोनस हेतु मृत्यु होने से मृतक के विधिक वारिसानों का वंशीवली प्रमाण पत्र हेतु आवेदक पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। मृतक का विधिक वारिसान निम्नानुसार है- राम तारक, पुष्पा, उषा, सीता, गीता, सुनीता, नीतू, सातो पिता स्व. बाबूलाल पत्नि देवकी बाई पति बाबूलाल है। इसके अतिरिक्त कोई वारिसान नही है। अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति होतो वे इस न्यायालय में दिनांक 16.04.2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 02.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
मंदिर हसौद (छत्तीसगढ़)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# भाजपा का नारी शक्ति वंदन अभियान, प्रदेशभर में होंगे कई कार्यक्रम, रायपुर में 15 को बड़ा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के पेश होने के पहले प्रदेश में भाजपा ने नारी शक्ति वंदन पर कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं। सबसे बड़ा कार्यक्रम राजधानी रायपुर में 15 अप्रैल को आयोजित किया गया है। इसी के साथ 15 और 16 अप्रैल को नारी शक्ति पदयात्रा की जाएगी।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने नारी शक्ति वंदन बिल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा, यह बिल महिलाओं के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने बताया, नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। इसके तहत देश 15 प्रमुख स्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें से छत्तीसगढ़ में रायपुर के पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में 15 अप्रैल को कार्यक्रम होगा। 11 से 16 अप्रैल तक संभाग स्तर पर नारी शक्ति सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इनमें सामाजिक संगठनों महिला




आयोग, अनुसूचित जाति एवं जन जाति आयोग की सक्रिय भूमिका होगी। इस कार्यक्रम में स्थानीय महिला जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति होगी। 15 और 16 अप्रैल को नारीशक्ति पदयात्रा की जाएगी। प्रत्येक पदयात्रा का प्रभारी भाजपा की महिला सांसद, विधायक एवं पदाधिकारियों को बनाया जाएगा एवं पदयात्रा का नेतृत्व प्रतिष्ठित सामाजिक सेलेब्रिटी महिला से करवाया जाएगा। श्रीमती राजवाड़े ने कहा, इसके साथ ही महिल मोर्चा एवं युवा मोर्चा द्वारा बाइक रैली की जाएगी।

### 33 प्रतिशत आरक्षण देना महिलाओं का सम्मान : सरोज

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं को केवल वोट बैंक के तौर पर तमाम राजनीतिक दलों ने देखा, लेकिन उनका अधिकार किसी ने नहीं दिया। देश की आधी आबादी को उनका अधिकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है एवं सबके विकास में महिलाओं को भी जोड़ा। सुश्री पाण्डेय ने कहा, लोकतंत्र में महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया जाएगा। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नारीत्व का जो सम्मान किया है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री बने फैजल

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा अल्पसंख्यक मोर्चा में महत्वपूर्ण विस्तार करते हुए युवा भाजपा नेता फैजल खान को अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला महामंत्री बनाया गया है। इस अवसर पर श्री खान ने भाजपा संगठन एवं भाजपा जिला के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।



### संत कंवरराम जयंती कल, प्रसाद वितरण भी

**रायपुर।** संत कंवरराम सेवा समिति एवं संत कंवरराम नगर (कटोरा तालाब) युवा परिषद द्वारा 13 अप्रैल को संत कंवरराम की 141वीं जयंती मनाई जाएगी। साथ ही जयंती पर संतजी की प्रतिमा (संत कंवरराम चौक) पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। शाम 7.30 बजे आरती, पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष प्रेमप्रकाश मध्यानी और महासचिव अजय वलेचा ने शहरवासियों से अपील की है कि 13 अप्रैल को अपने-अपने घरों में भी संत कंवरराम साहिब का नाम सिमरन एवं पूजा अवश्य करें और अपने आसपास जरूरतमंद लोगों की मदद जरूर करें। इसी दौरान संस्था बढ़ते कदम द्वारा पशु-पक्षियों के लिए दाना सकोरा, कोटना का भी निशुल्क वितरण भी संत कंवरराम चौक पर शाम 7.15 बजे किया जाएगा।



### महिला एवं बाल विकास विभाग भ्रष्टाचार का बना अड्डा, मंत्री से इस्तीफे की मांग

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, साय सरकार में कोई ऐसा विभाग नहीं है जहां बिना कमीशन के काम हो जाए। सरकार का महिला एवं बाल विकास विभाग तो भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को छोटी साड़ी देकर सरकार ने भ्रष्टाचार की इंतहा को पार कर दिया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को 6.3 मीटर की जगह 5 मीटर और 4.5 मीटर से भी कम लंबाई और चौड़ाई एवं घाटिया साड़ियां महिला एवं बाल विकास विभाग में वितरण किया गया है। उन्होंने कहा, जो साड़ी हथकरघा के बुनकरों से 500 रुपए में लेना था वही साड़ी गुजरात से 100 रुपए में खरीद कर 500 रुपए की बिलिंग करवा ली गयी।



बैठक में मुख्यमंत्री साय, प्रदेश के सभी मंत्रियों के साथ कार्यसमिति सदस्य और सभी पदाधिकारी रहेंगे

# बंगाल चुनाव के बाद कार्यसमिति से पहले परिचय के लिए होगी प्रदेश भाजपा संगठन की बड़ी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन की प्रदेश कार्यसमिति करीब डेढ़ साल से नहीं हो सकी है। इसके अभी और लंबे समय तक होने की संभावना नहीं है। इधर कार्यसमिति के सदस्यों का भी ऐलान हो गया है। अब कार्यसमिति से पहले प्रदेश भाजपा संगठन कार्यकारिणी के सदस्यों के परिचय के लिए एक बड़ी बैठक बंगाल चुनाव के बाद इस माह के अंत में या मई के पहले सप्ताह में करने की तैयारी में है। इस बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सभी मंत्री, कई विधायक और सांसदों के साथ ही प्रदेश के संगठन के सभी पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश भी आ सकते हैं। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल तो रहेंगे ही।

किरण देव को पूर्णकालिक अध्यक्ष बने एक साल से ज्यादा हो गया है, लेकिन अब तक एक भी कार्यसमिति नहीं हो सकी है। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह है कि राष्ट्रीय कार्यसमिति के बाद ही आमतौर पर प्रदेश कार्यसमिति होती है। करीब डेढ़ साल से राष्ट्रीय कार्यसमिति भी नहीं हो सकी है। अब



नितिन नवीन नए राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। उनकी कार्यकारिणी के बनने के बाद जब राष्ट्रीय कार्यसमिति होगी तब जाकर प्रदेश की कार्यसमिति होगी। इसके पहले कार्यसमिति के सदस्य छह माह लंबे इंतजार के बाद अब जाकर तय हुए हैं। लेकिन प्रदेश की कार्यसमिति के लिए अभी भी लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

### डेढ़ साल से नहीं हुई है कार्यसमिति

प्रदेश कार्यसमिति हर तीन माह में करने का प्रावधान तो है, लेकिन इसके लिए सबसे अहम यह है कि राष्ट्रीय कार्यसमिति के बाद ही प्रदेश कार्यसमिति होती है। राष्ट्रीय कार्यसमिति में जो तीन माह की कार्ययोजना तय होती है, उसी पर प्रदेश कार्यसमिति में चर्चा होती है। इसके बाद जिलों और फिर मंडल में कार्यसमिति होती है।

छत्तीसगढ़ में सितंबर 2024 में भाजपा के सदस्य अभियान से पहले प्रदेश कार्यसमिति हुई थी, इसके बाद से करीब डेढ़ साल से कार्यसमिति नहीं हुई है। जानकारों का कहना है कि पहले कभी इतने लंबे समय तक कार्यसमिति का इंतजार करना नहीं पड़ा था। लेकिन इसके साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि राष्ट्रीय कार्यसमिति न होने के कारण ऐसा हो रहा है।

### पहले होगी बैठक

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी को बने भी 9 माह हो चुके है। अब कार्यसमिति के सदस्य भी तय हो गए हैं। ऐसे में भाजपा का प्रदेश संगठन अब कार्यसमिति से पहले सदस्यों के परिचय के लिए बैठक कराने की तैयारी में जुट गया है। इसको लेकर तैयारी चल रही है। संभावना है कि जैसे ही बंगाल का चुनाव निपटेंगे ठीक उसके बाद माह के अंत में यह बैठक होगी। अगर किसी से माह के अंत में बैठक नहीं हो सकी तो मई के पहले सप्ताह में बैठक का होना तय है। इसमें सभी का परिचय होगा। कार्यसमिति में मुख्यमंत्री के साथ सभी मंत्री, सारे सांसद और कई विधायक भी शामिल हैं। ये सभी बैठक में रहेंगे।

साय बोले

# महात्मा फुले ने लोगों के मन में आशा और आत्मविश्वास जगाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर शनिवार को उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, भारत के महान समाज सुधारकों में से एक और पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले का यह 200वां जयंती वर्ष है। श्री साय ने कहा, महान समाज सुधारक महात्मा फुले का जीवन नैतिक साहस, आत्म चिंतन और समाज के हित के लिए अटूट समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। महात्मा फुले ने लोगों के मन में जो आशा और आत्मविश्वास का भाव जगाया, उसका व्यापक प्रभाव हम आज भी महसूस करते हैं। उनके विचार देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज हैं। उन्होंने हमेशा यह माना कि चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, इंसान को मेहनत करनी चाहिए, ज्ञान हासिल करना चाहिए और समस्याओं का समाधान करना चाहिए। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश मंत्री अमित साहू, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी, रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, कार्यक्रम संयोजक डॉ. कुन्ती देवी जागड़े, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी मितुल कोठारी, हरिनाथ खूंटे, राजेश्वर भार्गव, बसंत बाग, ख़ेमराज बकरे, अनिल सोनवानी, अवध राम बघेल उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री का आव्हान-पांडुलिपि संरक्षण में आगे आएं नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों से छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राचीन ज्ञान परंपरा के संरक्षण के लिए सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है। उन्होंने कहा, हमारी पांडुलिपियां हमारी सभ्यता, संस्कृति और ज्ञान-वैभव का जीवंत प्रमाण हैं, जिन्हें सुरक्षित रखकर भावी पीढ़ियों तक पहुँचाना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया 'ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान' इस दिशा में एक दूरदर्शी और महत्वपूर्ण पहल है। यह अभियान देशभर में उपलब्ध प्राचीन पांडुलिपियों का सर्वेक्षण कर उन्हें सुरक्षित, संरक्षित और डिजिटल माध्यम से सुलभ बनाने का कार्य कर रहा है।

उन्होंने प्रदेश के नागरिकों से अपील करते हुए कहा, यदि उनके पास कोई प्राचीन पांडुलिपि, हस्तलिखित ग्रंथ या ताड़पत्र सुरक्षित हैं, तो वे ज्ञानभारतम मोबाइल एप पर उनका विवरण दर्ज कर इस राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा बनें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों का यह छोटा-सा प्रयास हमारी सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने में एक बड़ा योगदान सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनभागीदारी के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध ज्ञान परंपरा को नई पहचान मिलेगी और यह धरोहर आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रूप से पहुंच सकेगी। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे अपनी जड़ों को सहेजते हुए इस सांस्कृतिक अभियान में सहभागी बनें और ज्ञान की इस अमूल्य धरोहर को गर्व के साथ आगे बढ़ाएं।



### 7 जिलों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति जल्द

छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में से 26 जिलों में जिला स्तरीय समिति का गठन और नोडल अधिकारी की नियुक्ति हो गई है, शेष 7 जिलों में गठन / नियुक्ति की कार्यवाही की जा रही है। जिलों में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित कर पाण्डुलिपि संग्रह कर्त्ता व्यक्तियों / संस्थाओं को चिन्हित किया जा रहा है, तथा ग्राम/क्षेत्रवार सर्वेक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। प्रशिक्षकों को नोडल विभाग द्वारा ज्ञानभारतम के क्षेत्रीय संयोजकों के साथ मिलकर जिला स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### 4191 पांडुलिपी का सर्वे

ज्ञानभारतम भारत सरकार से छत्तीसगढ़ में 148 पांडुलिपियों की जानकारी प्राप्त हुई थी। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में से 6 जिलों में पाण्डुलिपि सर्वेक्षण का कार्य आरंभ हो गया है और अब तक 4191 पांडुलिपियों का सर्वे ज्ञानभारतम एप के माध्यम से किया जा चुका है।

# राज्य के 11 बांधों से निस्तारी और सिंचाई के लिए दिया जा रहा पानी

## राज्य के सिंचाई जलाशयों में अभी 67 प्रतिशत से अधिक जल भराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में गर्मी से पूर्व कई क्षेत्रों में मांग के अनुसार पानी छोड़ा जा रहा है। राज्य के 11 बांधों से नहर के माध्यम से पानी दिया जा रहा है। निस्तारी और सिंचाई के लिए इन बांधों से पानी दिया जा रहा है। किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं से नियंत्रित एवं चरणबद्ध रूप से जल छोड़ा जा रहा है।

गंगरेल बांध से नहरों के माध्यम से धमतरी एवं रायपुर क्षेत्रों में निस्तारी एवं सिंचाई जल उपलब्ध कराया जा रहा है। दुधावा जलाशय से मुख्य नहरों के जरिए पानी दिया जा रहा है। सोंढूर परियोजना से नहर प्रणाली के माध्यम से जल छोड़ा जा रहा है। कोडार जलाशय से लगभग 6.84 क्यूमेक्स जल नहरों के माध्यम से छोड़ा जा रहा है। परालकोट परियोजना से दाएं एवं बाएं तट नहरों के जरिए पानी वितरण किया जा रहा है। खरखरा, गोंडली, पिपरिया, सारोदा, जुमका, केदार नाला एवं अन्य जलाशयों से आवश्यकता अनुसार नहरों एवं स्लुइस गेट के माध्यम से जल छोड़ा जा रहा है, जिससे रबी फसलों की अंतिम सिंचाई एवं ग्रीष्मकालीन फसलों एवं निस्तारी के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराया जा सके।



### बांधों में 67 प्रतिशत से अधिक पानी

छत्तीसगढ़ राज्य के 12 वृहद एवं 34 मध्यम सिंचाई परियोजनाओं में इस वर्ष जल भराव की स्थिति काफी बेहतर है। वर्तमान में राज्य के कुल 46 प्रमुख सिंचाई जलाशयों में औसत रूप से 67.43 प्रतिशत जल भराव है, जो कि वर्ष 2025 में इसी अवधि में औसत रूप से 45.23 प्रतिशत तथा वर्ष 2024 के 42 प्रतिशत की तुलना में अधिक है। यह स्थिति बेहतर वर्षा, सुनियोजित जल प्रबंधन तथा जलाशयों के प्रभावी संचालन का परिणाम है।

### मनियारी में 90, कोडार में 35 प्रतिशत जल भराव

राज्य के 12 वृहद सिंचाई परियोजनाओं में वर्तमान में 68.19 प्रतिशत जल भराव है, जबकि वर्ष 2025 में यह 45.84 प्रतिशत तथा वर्ष 2024 में 38.62 प्रतिशत था। प्रमुख वृहद जलाशयों में शामिल मनियारी जलाशय में 90.41 प्रतिशत, मुरूमसिल्ली में 86.85 प्रतिशत, खारंग में 84.99 प्रतिशत, दुधावा में 84.54 प्रतिशत, रविशंकर सागर में 76.72 प्रतिशत, सोंढूर में 70.65 प्रतिशत एवं तांदुला में 66.19 प्रतिशत में जल उपलब्ध है। वहीं मिनीमाता बांगो जलाशय में 63.86 प्रतिशत तथा केलो में अभी 51.83 प्रतिशत जल भराव है। कोडार जलाशय में अपेक्षाकृत कम 35.45 प्रतिशत जल उपलब्ध है।

### छिरपानी और खपरी में 92 प्रतिशत से अधिक जल भराव

इसी प्रकार राज्य की 34 मध्यम सिंचाई परियोजनाओं में वर्तमान में 63.38 प्रतिशत जल भराव है, जो कि वर्ष 2025 के 44.62 प्रतिशत एवं वर्ष 2024 के 45.38 प्रतिशत से अधिक है। मध्यम जलाशयों में छिरपानी जलाशय में 92.23 प्रतिशत, खपरी में 92.98 प्रतिशत, पिपरिया नाला में 89.69 प्रतिशत, गोंडली में 85.53 प्रतिशत, सुतियापाट में 79.82 प्रतिशत, सारोदा में 77.57 प्रतिशत एवं कोसारटेडा में 77.46 प्रतिशत जल भराव अपने उच्च स्तर पर हैं।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं. चंदखुरी, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर

// आम सूचना //

जारी दिनांक 09/04/2026

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुषमा चन्द्राकर पति सीताराम चन्द्राकर निवासी कोरबा द्वारा आवेदित ग्राम नरदहा प.ह.न. 01 राजस्व निरीक्षक मंडल चंदखुरी तहसील मंदिर हसौद स्थित भूमि खसरा नं 1388/17 रकबा क्रमशः 0.06 हे. भूमि का बटांकन / सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के ज्ञापन क्रमांक / वाचक/तह./2026 मंदिर हसौद दिनांक 24/03/2026 के परिपालन में दिनांक 15/04/2026 को समय अपरान्ह 12 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः आवेदक एवं नजदीक के कृषकगण अपने दस्तावेज सहित निर्धारित दिनांक को स्थल पर उपस्थित होवें। उक्त बटांकन / सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो वे उक्त बटांकन / सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नं 01 के नरदहा स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरांत किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. चंदखुरी, तहसील मंदिर हसौद

// आम सूचना //

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार द्वारा क्रेता संजय राठी पिता-श्री सत्यनारायण राठी निवासी अवंती बाई चौक, लोधी पारा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता श्रीमती कल्पना ठाकरे पति स्व. दीपक ठाकरे निवासी-सेक्टर-03, वार्ड नं.-22, देवेन्द्र नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित मौजा ग्राम-खपरी, प.ह.नं. 21, रा.नि.मं. मुरमुंदा, तहसील अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि ख.नं.-126/7 (शामिल खाता की भूमि) 126/10, 132 रकबा क्रमशः 0.790 हे., 0.220 हे., कुल रकबा 1.01 हेक्टेयर कृषि भूमि को मेरे पक्षकार क्रेता द्वारा चुक्ता 50,00,000/-रूपये में क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है तथा उपरोक्त वर्णित भूमि खसरा नंबर को किसी अन्य व्यक्ति, संस्था व निकाय के साथ विक्रय इकरारनामा या सौदा किया जाता है तो उसे शून्य माना जावेगा।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के स्वत्व, अधिकार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय विभागों को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते में कार्यालयीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जायेगा तत्पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति शुन्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधन कारी नहीं होगी,

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-08/04/2026 भवदीय
नरेन्द्र महिलांग (अधिवक्ता)
कार्यालय :- ब्लॉक-बी, गली नं.-10, विप्र नगर, रायपुरा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
मो.नं.-9827980919

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार श्री ओंकार सिंह ठाकुर पिता श्री लक्ष्मीनारायण सिंह ठाकुर निवासी- ग्राम मटिया पो. दोंदेकला, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. वाले ने विक्रेता / भवन स्वामी श्री सुजीत कुमार पिता श्री सुरेन्द्र प्रसाद साह निवासी - म.नं.- एस - 168, दोदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कालोनी दोदेखुर्द रायपुर छ.ग. वाले से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल रायपुर की सीनियर एल.आई.जी. आवास योजनांतर्गत वाके मौजा ग्राम दोंदेखुर्द, प.ह.नं.- 12 धरसींवा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित मकान, म.नं.- एल.आई.जी. – 186, खसरा नंबर - 220/2–3, 224/4-9 का भाग क्षेत्रफल 1358.66 वर्गफूट भूमि जिसमें भूतल पर 430 वर्गफूट का साधारण मकान निर्मित है शेष खुला है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम ब्याना राशि अदा कर दिया है। मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त क्रय-विक्रय के संव्यवहार से जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासन, प्रशासन इत्यादि को उक्त भूमि या उसमें किसी भाग पर कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा बाद बीतने म्याद की गई संपूर्ण उजर, दावा या आपत्ति अवैध, विधि विरूद्ध एवं शून्य होगी जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

अतः सो सूचना जाने।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक 11/04/2026
मयंक सिंह ठाकुर, अधिवक्ता
गौठान चौक, संत रविदास वार्ड क्रमांक-70 सरोना, रायपुर छ.ग. मो.नं.- 93293–51750

### संयुक्त मसीह समाज ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** प्रदेश में लागू, प्रस्तावित धर्म विधेयक के विरोध में शनिवार को संयुक्त मसीह समाज के प्रतिनिधियों द्वारा हजारों नागरिकों के हस्ताक्षरयुक्त पत्र के साथ राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर संयुक्त मसीह समाज के पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रभाकर सोनी ने बताया कि इस हस्ताक्षर अभियान में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया है और इस कानून के प्रति अपनी असहमति दर्ज कराई है। समाज का कहना है कि यह कानून भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। समाज के अनुसार, यह विधेयक विशेष रूप से संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 25 (धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार) के विपरीत प्रतीत होता है। इसके कारण एक विशेष समुदाय को लक्षित किए जाने की आशंका है, जिससे समाज में असमानता और भेदभाव का वातावरण बन रहा है।

## शाखा संगम कार्यक्रम में महिला स्वयंसेवकों ने लिया भाग

**रायपुर।** राष्ट्र सेविका समिति द्वारा रायपुर में शनिवार को आयोजित शाखा संगम कार्यक्रम अत्यंत भव्य रहा। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्र सेवा की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका वंदनीय शांता



अक्का ने मातृत्व विषय पर गहन बौद्धिक रखते हुए हिंदू चिंतन की व्यापकता को स्पष्ट किया। उनका पूरा उद्बोधन मातृशक्ति की भूमिका, उसकी सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण में उसकी अनिवार्यता पर केंद्रित रहा। अक्काजी ने अपने विचारों में कहा कि हिंदू संस्कृति में "मातृत्व" केवल जन्म देने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह एक जीवनदृष्टि है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
वात रोग › घुटने के दर्द › पीठ व कमर दर्द › स्पॉन्डिलाइटिस › लिगामेंट के दर्द › साइटिका › गोल्फ एल्बो › फ्रोजन शोल्डर › शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



13
अनूठी पहल : 15 सौ आम के पौधों की ....



टॉक शो में मोटिवेशनल स्पीकर और टीचर अवध ओझा ने स्टूडेंट्स को बताए जीवन में सफल होने के गुरुमंत्र

# मोटिवेशन से न बदलाव आएगा न जीवन चलेगा, यह नशा है चार घंटे में उतर जाएगा, किताबों से सीखें और अपनी समझ विकसित करें

जीवन में सफलता आपको मेहनत और आपकी समझ से मिलेगी। अगर कोई किताब पढ़ने के बाद उसका विश्लेषण नहीं करते हैं तो उन ज्ञानवर्धक बातों से आपके जीवन मे कोई बदलाव नहीं आएगा। यह कहना है मोटिवेशनल स्पीकर और टीचर अवध ओझा का। मौका था तूलिका इवेंट्स की ओर से पॉवर टॉक शो का, जो पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया था। इस आयोजन में अवश ओझा ने देश-दुनिया के इतिहास और वर्तमान में परिस्थितियों के रोचक उदाहरण जरिए स्टूडेंट्स को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मेरी बातों को मोटिवेशन मत समझना, क्योंकि मोटिवेशन से जीवन नहीं चलने वाला। सफल होना है तो इसका सहारा कभी मत लेना।

रायपुर। मोटिवेशन एक तरह का नशा है, जो चार घंटे आपके उत्साह बढ़ा देगा, फिर सब खत्म। उन्होंने कहा कि लोगों को लगता है, मोटिवेशन की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण से हुई, लेकिन यह सही नहीं। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उनकी शक्ति का स्मरण कराया। इसी तरह हनुमानजी को भी उनकी शक्ति को बताया गया, इसे मोटिवेशन नहीं कह सकते हैं। आज कल मोटिवेशन का नया तरीका आ गया है वह है आईपीएल। शाम को बैठो और ताली बिकअअअजाओ।दो टीम का मैच होगा और चिल्लाएंगे, ये इसलिए रखा है ताकि जितना भी चिल्लाएंगे इनका तनाव दूर होगा। स्टूडेंट्स ने कहा कि मोटिवेशन से जीवन कभी नहीं चलेगा, बदलाव नहीं आएगा।

### लड़ने वाला आत्मसम्मान से समझौता नहीं करेगा

कार्यक्रम में अवध ओझा ने इतिहास के रोचक किस्से सुनाए। उन बातों के जरिए उन्होंने स्टूडेट्स के जीवन को बेहतर दिशा देने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि आज ईरान का जो साहस है, वो उसकी जियोग्राफ़ी (भूगोल) है। राजाओं में आत्मसम्मान से समझौता नहीं करते हैं। इतिहास निकालकर देख लीजिए। मुगल सम्राट हो फिर राजपूत राजाओं के महाराणा प्रताप, क्योंकि जिसको भी लड़ना आएगा, वो अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं करेगा। उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा कि सपने बड़े देखो।





### पुरुषोत्तम राम बनकर लौटकर आए

स्टूडेंट्स से कहा कि ये जिंदगी आप देखकर सीखते हो। राजा के घर में श्री राम पैदा हुए, श्री राम बनकर जंगल गए और पुरुषोत्तम राम बनकर लौटकर आए। न्यूटन ने जीवन के तीन नियम बताए थे। मैं चौथा बता रहा हूं। त्याग प्लस तपस्या यही न्यूटन का चौथा नियम है। इसके बिना सफलता संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि इतिहास में दो चीज जरूर पढ़ोगे किसी राजा का राज्य अयोग्य उत्तराधिकारी के कारण खत्म हो गया। मेरे पिता जी कहते थे कि तुम जो करोगे वो और कोई नहीं कर पाएगा, टीचर को उम्मीद नहीं थी।

### जीवन को नई दिशा देने इसे समझें

मेहनत तो जरूरी है, जब आप कॉलेज में स्टूडेंट हो, धोखा खाओगे तभी सीखोगे, बादाम से कुछ नहीं होता। रील की दुनिया ने मन की एक विशेषता को मार दिया है, वो है- धैर्य। शिक्षा से ही समझ विकसित होगी। समझ दुकान में बिकने वाली चीज नहीं है, इसलिए आज पूंजीवादी लोग परेशान हैं।

### बॉस से आगे मत बढ़ो

*अवध ओझा ने स्टूडेंट्स को किताब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किताब जादुई चीज है, आपने देखा होगा कि आंबेडकर के हाथों में हमेंशा किताब रहती थी, क्योंकि उन्हें मालूम था कि किताब शक्तिशाली शस्त्र है। अगर आपको जिंदगी बदलनी है तो किताब का सहारा ले। उन्होंने कहा कि हम किताब पढ़ते तो हैं लेकिन सीखते नहीं हैं। कार्यक्रम में स्टूडेट्स से पूछा कि किसी ने द 48 लॉज ऑफ पावर पढ़ी है। इस सवाल पर एक स्टूडेंट्स ने हाथ उठाया। इसके बाद अवध ओझा ने पूछा कि इस किताब से क्या सीखे? इसका चार लॉअ बताओ। स्टूडेंट्स ने एक के बारे में बताया। उन्होंने उस किताब की प्रेरत बातों से समझाया कि अपने बॉस से आगे मत बढ़ो, कुचले जाओगे। इतिहास गावह है। दूसरा अपने मित्रों से ज़्यादा शत्रु से काम लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भी कोई चीज पढ़ें, उसे जीवन में उतारें। ऐसा नहीं करते हैं तो किताब पढ़ने का कोई मतलब नहीं।*

---

एजुकेशन लाइव

## बेरोजगार युवाओं के लिए सुरक्षा जवान और ड्रोन पायलेट भर्ती कैम्प 13 और 15 अप्रैल को




रायपुर। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गौरेला के सहयोग से जीडीएक्स ग्रुप ग्रेटर नोएडा एवं भारत सरकार के पसारा एक्ट के तहत 100 सुरक्षा जवान, 20 ड्रोन पायलेट, 30 सुरक्षा सुपरवाइजर एवं कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती के लिए शिविर 13 अप्रैल को शासकीय आईटीआई मरवाही में और 15 अप्रैल को शासकीय आईटीआई गौरेला में सुबह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक भर्ती कैम्प आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक युवा, जिनकी योग्यता 10वीं पास, उम्र 18 से 40 वर्ष, ऊंचाई 168 सेमी, वजन 52 से 96 किलो और सुपरवाइजर हेतु स्नातक के साथ कंप्यूटर ज्ञान, उम्र 22 से 40 वर्ष, ऊंचाई 170 सेंटी मीटर, वजन 55 से 96 किलो हो, वे सभी 10वीं पास अथवा अधिकतम प्रमाणपत्र की छायाप्रति एवं आधारकार्ड की छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ स्वयं शासकीय आईटीआई में उपस्थित होकर आफलाईन आवेदन कर सकते हैं।

### खाने की सुविधाएं रियायती दरों पर दी जाएंगी

इस भर्ती शिविर में दूसरे जिले के युवा भी शासकीय आईटीआई में स्वयं उपस्थित होकर ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए भर्ती अधिकारी के मोबाइल नंबर- +91-9311947932 एवं +91-9667989993 पर सम्पर्क कर सकते हैं। चयनित युवाओं को जीडीएक्स ग्रुप के ट्रेनिंग सेंटर एनआईएमटी कैंपस नियर परी चौक मेट्रो स्टेशन, एनआईएमटी कॉलेज प्रांगण में स्थित सेंटर में 15 दिन के आवासीय प्रशिक्षण के बाद प्रमाणपत्र के साथ मध्यप्रदेश के बड़े-बड़े औद्योगिक क्षेत्रों में 15 हजार से 25 हजार तक के मासिक सैलरी के साथ 58 वर्ष तक स्थाई नौकरी के साथ ही पीएफ, पेंशन, जीवन बीमा, फैमिली मेडिकल सुविधा, सालाना वेतन में वृद्धि, लोन की सुविधा, प्रमोशन जैसी अनेक सुविधाओं के साथ ड्यूटी दौरान रहने एवं खाने की सुविधाएं रियायती दरों पर दी जाएगी ।

### एनसीएल में विभिन्न पदों पर रजिस्ट्रेशन शुरू

*नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में ऑपरेटर, स्टाफ नर्स और ओवरसियर के पदों पर आवेदन 9 अप्रैल से शुरू हो गए हैं, जो उम्मीदवार इन पदों पर नौकरी करना चाहते हैं, उनके लिए यह एक सुनहरा मौका है। इस भर्ती अभियान के जरिये कुल 577 पदों पर उम्मीदवारों की नियुक्ति की जाएगी। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट **nclcil.in** पर जाकर 1 मई, 2026 तक अपना फॉर्म भर सकते हैं। एनसीएल की ओर से कुल 577 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसमें ऑपरेटर (ट्रेनी) के लिए कुल 472 पद, स्टाफ नर्स ट्रेनी के लिए कुल 75 पद और ओवरसियर के लिए कुल 30 पद आरक्षित किए गए हैं।*

## स्वयं के भीतर चरित्रों की खोज है अभिनय

**रायपुर**। संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में आयोजित 'युवा रंग साधक नाट्य कार्यशाला' के चौथे दिन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के स्नातक एवं प्रख्यात रंगकर्मी हीरा मानिकपुरी का विशेष सत्र संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने युवा प्रतिभागियों को रंगमंच की बारीकियों, इसके वैश्विक परिप्रेक्ष्य और अभिनय की गहराइयों से रूबरू कराया। साथ ही, एनएसडी में अपने अध्ययन काल के अनुभवों को साझा करते हुए वहां की प्रवेश प्रक्रिया, चयन मानदंड और प्रशिक्षण प्रणाली की विस्तृत जानकारी भी दी।काबिलियत ऐसी हो कि माता-पिता करें गर्व कार्यशाला में युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए मानिकपुरी ने कला के क्षेत्र में करियर और परिवार के बीच संतुलन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक कलाकार को अपने हुनर और कड़ी मेहनत से उस मुकाम तक पहुंचना चाहिए, जहां माता-पिता स्वयं उसके कला क्षेत्र में आगे बढ़ने पर गर्व महसूस करें और उसका पूरा समर्थन करें।



### वर्तमान स्थिति पर भी सार्थक चर्चा

अभिनय एक निरंतर चलने वाली 'खोज' अभिनय को परिभाषित करते हुए उन्होंने इसे एक निरंतर चलने वाली खोज बताया। उन्होंने कहा कि एक सच्चा कलाकार अपने भीतर ही विभिन्न चरित्रों की तलाश करता है और फिर उन्हें मंच पर जीवंत कर देता है। इस सत्र में थिएटर के वैश्विक बाजार की वर्तमान स्थिति पर भी सार्थक चर्चा हुई। युवाओं को बताया गया कि स्थानीय कलाकार किस तरह अपनी कला और मेहनत के दम पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकते हैं।

## सिंधी तम्बोला आज, विजेताओं को मिलेंगे सोने के आभूषण



**रायपुर**। सिंधी समाज, सिंधी भाषा दिवस पर समाज में खुशियां मनाने प्रतिवर्ष अनूठे आयोजन करता रहा है। इस वर्ष महिला अध्यक्ष भावना कुकरेजा एवं कार्यकारी अध्यक्ष राशि बलवानी के अथक प्रयासों से देश-विदेश में 2000 से अधिक आयोजन करने के बाद गुजरात के ले अंतानी के साथ सिंधी तम्बोला का आयोजन बरसेगा सोना की थीम पर किया जा रहा है। रविवार 12 अप्रैल को संध्या 6 बजे होटल वुड कैसल, मैग्नेटो मॉल के पास यह आयोजन रखा गया है। संयोजिका राशि बलवानी के नेतृत्व में तम्बोला विजेताओं को प्रथम पुरस्कार गोल्ड नेकलेस, द्वितीय गोल्ड ईयरिंग्स, तृतीय गोल्ड रिंग के अलावा 32 इंच टीवी के साथ-साथ 100 से अधिक पुरस्कार प्रतिभागियों के बीच संतों द्वारा वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर शदाणी दरबार से संत युधिष्ठिर लाल, गोदड़ीधाम देवपुरी से महंत अम्मा मीरा देवी व सांसद बृजमोहन अग्रवाल की उपस्थिति रहेगी। महापंचायत के प्रवक्ता दिनेश आनंद अठवानी ने बताया कि राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने संविधान में 21वां संशोधन करते हुए आठवीं अनुसूची के तहत, सिंधी नेता त्रय चोइथराम बजाज-जयरामदास दौलतराम आलिमचंदानी-साधु वासवानी के 20वर्षों तक भागीरथी प्रयासों के बाद सिंधी भाषा को संवैधानिक दर्जा प्रदत्त किया था।

भारतीय योग संस्थान की ओर से दो दिवसीय आवासीय योग प्रशिक्षण शिविर

## महिला के स्वस्थ रहने से ही परिवार होगा निरोगी, 600 साधकों ने तनाव-मोटापा दूर करने किया योगाभ्यास

कार्नर न्यूज

**रायपुर**। भारतीय योग संस्थान की ओर से दो दिवसीय आवासीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के पहले दिन 600 से अधिक साधकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दिल्ली के अखिल भारतीय प्रधान देसराज और महामंत्री ललित गुप्ता ने किया। 5.30 बजे से साधकों को कुंजल, जलनेति और सूत्रनेति जैसी महत्वपूर्ण योगिक शुद्धि क्रियाएं कराई गईं। इसके पश्चात केंद्र प्रमुखों के मार्गदर्शन में साधकों ने विभिन्न प्रकार के आसनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान मुकेश सोनी की कराई गई योग निद्रा विशेष आकर्षण रही, जिसके चंद मिनटों के अभ्यास से ही साधकों ने शारीरिक और मानसिक रूप से खुद को तरोताजा महसूस किया। शिविर में बौद्धिक और शारीरिक सत्रों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम रही। रिद्धि-सिद्धि पार्क की टीम द्वारा मधुर भजन प्रस्तुत किए गए, वहीं उत्तम वाटिका की टीम के उत्कृष्ट नृत्य ने सभी को भावविभोर कर दिया। आयोजन में आयुष मंत्रालय के सहयोग से भारतीय योग संस्थान द्वारा आरंभ किए गए 'सर्टिफिकेट कोर्स इन योग' की विस्तृत जानकारी दी गई।



### आज होगा समापन

शिविर के पहले दिन का समापन योग कीर्तन और आत्मचिंतन के साथ हुआ। आभार प्रदर्शन आभा अग्रवाल ने किया। इस विशाल शिविर को सफल बनाने में राजेश डागा, राजेश अग्रवाल, रिया फतनानी, सुदेशना मेने, वंदना आहूजा, केआर साहू, पिंकी जैन, गीतांजली बाग, लता चौधरी, किरण प्रसाद, ममता अग्रवाल, नीलम नावलानी, सपना शादीजा, कंवलजीत कौर और हर्षपाल सहित अनेकानेक सक्रिय साधकों का विशेष योगदान रहा। शिविर का विधिवत समापन रविवार को होगा।

### स्त्री के स्वस्थ रहने से ही परिवार रहेगा स्वस्थ



अखिल भारतीय प्रधान देसराज ने कहा कि सृष्टि की असली रचयिता स्त्री ही है, क्योंकि वह भगवान को भी जन्म देने की शक्ति रखती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि महिला स्वस्थ रहेगी, तभी पूरा परिवार स्वस्थ रहेगा। एक सुखी परिवार की विशेष जिम्मेदारी मां पर ही होती है। इसके अलावा उन्होंने आधुनिक जीवनशैली की प्रमुख बीमारी 'मोटापा' को योग के माध्यम से नियंत्रित करने और अतिरिक्त वजन कम करने के अचूक उपाय बताए तथा साधकों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। संस्थान के महामंत्री ललित गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद के प्रसिद्ध ध्येय वाक्य 'उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो' का स्मरण कराते हुए युवाओं और साधकों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक सच्चे कर्मयोगी का जीवन सदैव लोकहित के लिए समर्पित होता है।

सिटी लाइव

## सियान गुड़ी में बुजुर्ग सिलाई सीखकर अब सिल रहे कपड़े



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के मार्गदर्शन में महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित सियान गुड़ी में रहने वाले बुजुर्ग इन दिनों सिलाई मशीन चलाना सीख रहे हैं। सीखने के बाद जो अच्छी तरह सिलाई मशीन चला रहे हैं, वे अब घर के कपड़े, तिरपाल आदि सीलकर अपने नए नवेले शौक को भी पूरा कर रहे हैं। साथ ही बचत भी कर रहे हैं। मनोरंजन के साथ कैरम, शतरंज और किताबों के बीच समय व्यतीत कर रहे हैं। मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन ने बताया कि सियान गुड़ी शुरू होने के साथ कुछ सदस्य लगातार आ रहे हैं। इन लोगों के मनोरंजन और स्वास्थ्य को लेकर काम करते हैं। प्रतिदिन सियान गुड़ी आने वाले टूरीहटरी पुरानी बस्ती निवासी डॉ. ओपी सोनी इन दिनों सिलाई मशीन चलाना सीख रहे हैं। वे घर से तिरपाल और कुछ कपड़े भी लाते हैं, फिर उस पर सिलाई करते हैं।

### बुजुर्गों की समय-समय पर होती है स्वास्थ्य जांच

श्री खंगन ने बताया कि प्रतिदिन सत्यम विहार, रायपुरा निवासी डॉ. ओमकार बिसेन, मोहबा बाजार के लखनलाल साहू और पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर के हीराधर पटेल आते हैं। डॉ. कमल वर्मा और फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. अंकिता काले की सेवाओं के चलते आने वाले बुजुर्गों की नियमित स्वास्थ्य जांच होती है। अध्यक्ष अजय काले ने आग्रह किया है कि जिन घरों में बुजुर्ग दोपहर के समय अकेले समय व्यतीत करते हैं, उन्हें महाराष्ट्र मंडल के सियान गुड़ी में हमउम्र साथियों के साथ समय बिताना चाहिए, ताकि बढ़ती उम्र के साथ वे एकाकी जीवन में अवसाद में जाने से बचें। साथ ही बॉडी चेकअप से भी अपने आप को सेहतमंद रखें।

आराधना

## जैन दादाबाड़ी में आज चढ़ेगी ध्वजा, होगा चढ़ावा का विधान



**रायपुर।** आचार्य भगवंत श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी का नवम ध्वजा महोत्सव आज धूमधाम से किया जाएगा। जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि महाविदेह क्षेत्र में विराजमान भगवान का जन्मकल्याणक महोत्सव वैसाख वदी दसमी 12 अप्रैल रविवार को जैन साध्वी श्री स्नेहयशा श्रीजी की निश्रा में मनाया जाएगा। विधिकारक विमल गोलछा द्वारा सत्तरभेदी महापूजन का विधान किया जाएगा। तीर्थंकर की माता रानी द्वारा देखे गए 14 महास्वप्नों का चढ़ावा बोला जाएगा। भगवान श्री सीमंधर स्वामी के पालना की आराधना की जाएगी। इसके चलते जैन मंदिर में भक्तिमय माहौल बनने वाला है।

### दिन में भक्त करेंगे पूजा का विधान, बनेंगे लाभार्थी

ट्रस्टी नीलेश गोलछा, डॉ योगेश बंगानी व टीकम जैन ने बताया कि सत्तरभेदी पूजन के साथ जिनमंदिर के शिखर पर नई ध्वजा चढ़ाई जाएगी। श्री सीमंधर स्वामी मूलनायक की अमर ध्वजा के लाभार्थी मूलचंद संतोष सरला देवी बैद परिवार है। अमर ध्वजा के लाभार्थी तिलोकचंद, शांतिलाल, अशोक कुमार बरड़िया परिवार, जिनदत्त सूरि की ध्वजा पुष्पादेवी कोठारी, मनोज कविता कोठारी परिवार हैं। विभिन्न विधान के लाभार्थी परिवार द्वारा इस विशेष अवसर पर अलग-अलग विधान का पुण्य अर्जन का अवसर प्राप्त होगा। रविवार रात 8 बजे से दादागुरुदेव का इक्तीसा जाप, श्री सीमंधर स्वामी जन्मकल्याणक प्रभुभक्ति होगी।

धर्म लाइव

## मां योग योगेश्वरी यती के प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन पर श्रद्धालुओं ने किया स्वागत



**रायपुर।** गुरुवार को पूज्या महामंडलेश्वर मां योग योगेश्वरी यती प्रथम छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंचीं। इस अवसर पर सनातनियों ने एयरपोर्ट पर जय श्रीराम के गगनचुंबी जयघोष के साथ पुष्पवर्षा से माई का आत्मीयता के साथ स्वागत किया। पूज्या महामंडलेश्वर मां योग योगेश्वरी यती 'विश्व का कल्याण हो' के उद्देश्य लेकर देश के विभिन्न राज्यों में जा रही हैं। इसी कड़ी में पूज्या महामंडलेश्वर मां योग योगेश्वरी यती प्रथम छत्तीसगढ प्रवास पर पहुंचीं। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ. ओमप्रकाश देवांगन के निवास में भक्तों ने माई का दिव्य दर्शन कर आशीर्वाद लिए। तत्पश्चात योग और गौसेवा आयोग द्वारा आयोजित सुरभी कार्यालय भवन में मुख्य अतिथि माई ने गौमाता की पूजा-अर्चना की। मंचीय कार्यक्रम में विशेष रूप से महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, प्रांत संघ चालक टोपलाल वर्मा, पश्चिम भारत संपर्क प्रमुख विजय देवांगन, योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा, बिशेसर पटेल, संन्निर्माण भवन आयोग के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, कार्यक्रम संयोजक राजीव लोचन श्रीवास्तव सहित सैकड़ों सनातन विचार वाले लोग उपस्थित रहे।

### श्रीराम मंदिर में की दर्शन-पूजा

डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने बताया कि श्री मां संध्याकाल वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर भी गईं। जहां पूजा-अर्चना पश्चात योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के निवास में भी कालोनीवासी एवं क्षेत्र के परिवारजनों से मिली। उन्हें स्नेह आशीष प्रदान किया। आज सुबह बिलासपुर, अमरकंटक सहित विभिन्न जिलों के प्रवास के लिए प्रस्थान किए।

तूता गांव में आने-जाने के लिए तय मुख्य मार्ग के पास गड्ढे बिगाड़ रहे थे खूबसूरती, इसलिए समतल की जमीन

# अनूठी पहल : आम के 15 सौ पौधों की ग्रॉफ्टिंग सजाई गई क्यारियों से बिखर रही फूलों की सुगंध

नवा रायपुर के तूता गांव में बदलाव की बयार शुरू हो गई है। जिस जमीन को सालभर पहले गड्ढों की वजह से अनुपयोगी समझा जाता था, उसका कायाकल्प करने की पहल सरपंच ने लोगों को साथ लेकर शुरू किया। जमीन को समतल करने के बाद जनभागीदारी से करीब तीन लाख खर्च करके पांच एकड़ जमीन की जद को 300 खंबे व तार से सुरक्षित करने के बाद ड्रिप सिस्टम लगाया।



**रायपुर।** आठ महीने पहले यहां अच्छी क्वालिटी वाले आम के पौधों की ग्रॉफ्टिंग करने के बाद इसके आसपास गेंदा, गुलाब जैसे पौधों की क्यारियां सजाईं। इस रूट से गांव में प्रवेश करते ही जहां खूबसूरती का एहसास होता है, वहीं फूलों की सुगंध भी मन को मदहोश करती है।' आम के पौधों की ग्रॉफ्टिंग करते हुए एक अच्छे किस्म के आम के पौधे की शाखा (सायन) को दूसरे देशी मजबूत पौधे की जड़ को (रूटस्टॉक) से जोड़ा गया है। इससे नई कलम से तेजी से अच्छी गुणवत्ता वाले फल देंगे। तूता के सरपंच भरत बैस, उपसरपंच गयाराम पटेल, संदीप बैस, झड़ीराम पटेल, मानसिंह ध्रुव ने बताया कि इन पौधों की ग्राफ्टिंग और पौधों की देखभाल के लिए मनरेगा के तहत मजदूर जिला प्रशासन की पहल पर मिले हैं। आम के पौधों की ग्रॉफ्टिंग के बाद हमने इनके आसपास ही फूलों की क्यारियों सजाते हुए एक प्रयोग किया, जो सफल हुआ है। इसे देखते हुए सावन में फूलों की जरूरत को देखते हुए अब नई क्यारियों को सजाने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि बाजार में उसे आपूर्ति के लिहाज से उपलब्ध करवाया जा सके। अब भगवान भोलेनाथ को अर्पित किए जाने वाले गेंदा, गुलाब सहित कई किस्म के फूलों की क्यारी तैयार की जाएगी।

### खेती में विविधता से गांव में हो रहा बदलाव

सुशील साहू, हेमंत यादव, गुलशन यादव, राजा बैस, आजूराम पटेल, ईश्वर पटेल सहित गांव की बेहतरी के लिए रंजू पटेल ने भी सहयोग दिया। उन्होंने बताया कि पहले गांव में प्रवेश करते ही गड्ढों की वजह से निगेटिव फीलिंग होती थी। अब आने-जाने वाले लोगों को खुशनुमा माहौल के साथ खुशहाली का एहसास होता है। आम के ऐसे पौधों की ग्रॉफ्टिंग की है, जो कम ऊंचाई के होते है। जनसहयोग से की गई पहल से गांव कृषि विविधिकरण के साथ अब तेजी से बदल रहा है, जहां आम के बगीचों और पारंपरिक खेतों के बीच फूलों की सुगंध है।







### पहले आते-जाते मिलती थी निगेटिव एनर्जी

गांव के लोगों ने बताया कि तूता गांव में आते-जाते पहले पांच एकड़ एरिया में गड्ढों को देखते हुए निगेटिव एनर्जी मिलती थी। साथ ही सरकारी भी गांव के किसी काम में नहीं आ रही थी। इसे देखते हुए ही जमीन को समतल करते हुए उपयोगी बनाने का प्रयास किया गया। अब आम की खेती के साथ ही फूलों की सुगंध का एहसास लोगों को मिलता है। इस पहल से गांव को नई पहचान भी मिलने लगी है। अब धार्मिक पूजा-पाठ में उपयोग होने वाले सुगंधित फूलों की क्यारियां फिर सजाई जाएंगी।

### गांव के लोग अब कर रहे हैं फूलों की खेती

गांव के किसान जहां धान की खेती कर रहे हैं, वहीं आम के साथ गेंदा, गुलाब जैसे फूलों की खेती में भी रुचि ले रहे हैं। इस प्रयोग से आने वाले समय में उनकी आय में वृद्धि भी होने वाली है। बदलाव की बयार तूता और आसपास के किसानों को पारंपरिक खेती को छोड़कर अधिक मुनाफा देने वाली पुष्प खेती की ओर बढ़ने का विकल्प दे रही है। गांव के किसानों का मत है कि फूलों की खेती का विस्तार होने से राज्य में इसका रकबा 12,000 हेक्टेयर से अधिक है। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि पिछले दो वर्षों में किसानों की सोच बदली है।

## कलाप्रेमियों को लुभा रही है प्राकृतिक रंगों की चित्रकारी



**रायपुर।** महाकौशल कला वीथिका में सजाई गई शैलचित्र प्रदर्शनी, इस दिनों कलाप्रेमियों और दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसमें भी प्रतिष्ठा राजीव गाडगिल के प्राचीन शैलकला के चित्र काफी सराहे जा रहे हैं। प्रतिष्ठा ने इन तस्वीरों में आदिवासियों को शिकार करते हुए दिखाया है। इसमें आदिवासियों के एक समूह को एक साथ चलते हुए भी दर्शाया गया है। प्रदर्शनी में उनकी यह मूर्ति प्राचीन कला से एक पत्थर की तरह दिखती है। प्रतिष्ठा ने बताया कि इस तरह के 'पत्थर' की बनावट के लिए उन्होंने पीओपी और सीमेंट का उपयोग किया है। इस काम को पूरा करने में लगभग दो सप्ताह लग गए। इस कला में प्राकृतिक रंगों के उपयोग पर जोर दिया हैं।

### चित्रकारी में किया रेत और बजरी का उपयोग

*रंग बनाने के लिए लाल पत्थर और हरे पत्तों का उपयोग किया है। इसके अलावा रेत और बजरी का उपयोग उनकी चित्रकारी की विशेषताओं में शामिल है। प्रदर्शनी में दिखाई गई कलाकृति मानव जीवन में कला की उत्पत्ति को दर्शाती है। यह प्राचीन जीवनशैली का जीवंत चित्रण है। प्राकृतिक रंगों के कारण चित्र बहुत यथार्थवादी लगते हैं। इस प्रदर्शनी की विशेषता है कि आधुनिक साहित्य के माध्यम से भी प्राचीन अनुभव देना है। यह मानव जाति के शुरुआती दिनों के संघर्ष की एक झलक है। यह प्राचीन संस्कृति को संरक्षित करने का एक प्रयास भी है। उनकी कला को देखकर लोग कहते हैं कि कलाकारों की कल्पना ने प्राचीन विरासत को जीवंत किया है।*

## सामूहिक कन्या विवाह को सफल बनाने लिए निर्णय



रायपुर। जिला अग्रवाल संगठन एवं महिला अग्रवाल संगठन के आतिथ्य में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा एक होटल में बैठक के दौरान कई निर्णय लिए गए। सेवाभाव, सामूहिक सहयोग और संगठनात्मक मजबूती का अनुपम उदाहरण साबित करने का प्रयास बैठक में किया गया। अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल ने की। जहां सभी निशुल्क सामूहिक कन्या विवाह को किस तरह से बेहतर स्वरूप दिया जा सकता है। इसमें समाज की सहभागिता कितनी होनी चाहिए। किस काम का दायित्व भविष्य में किसे दिया जा सकता है, इसको लेकर रायशुमारी की गई। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि पिछले वर्ष 51 जोड़ों का विवाह कराया गया। इस बार 3 मई को यह आयोजन किया जाएगा। इसके लिए टीमवर्क करना होगा।

### प्रत्येक जोड़े और परिवार को सुविधा के लिए की चर्चा

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि सदस्य अनुभवी हो चुके हैं, उसमें जिन-जिन नए सदस्यों को जोड़ना होगा, उन्हें जोड़कर काम को गति प्रदान करेंगे। दीनदयाल गोयल के माध्यम से प्राप्त सहयोग की घोषणा के लिए, गर्ग परिवार एवं अन्य दानदाता परिवारों को धन्यवाद दिया गया। जिनके सहयोग से बड़े आयोजन सफल हो पाते हैं। इस वर्ष भी 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह किया जाना तय है, प्रत्येक जोड़े पर इस वर्ष लगभग 100000 रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके साथ ही रावांभाठा स्थित एक होटल में इस साल भी भव्य आयोजन 3 मई को किया जाएगा। जहां सभी रस्मों को परिजनों की मौजूदगी में निभाया जाएगा।

राजधानी में सर्व ब्राह्मण समाज ने तैयारी को अंतिम रूप देने शुरू की बैठक

कार्नर न्यूज

## भगवान परशुराम की आस्था में सजेगा उत्सव अलग-अलग खंड में निकलेगी शोभायात्रा





**रायपुर।** इस साल भी सर्व ब्राह्मण समाज की पहल पर आराध्य देव भगवान परशुराम की जयंती को उत्सव का रूप देने की तैयारियों को लेकर बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया है। विष्णु अवतारी भगवान परशुराम की जयंती इस साल 19 अप्रैल को मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए सर्व ब्राह्मण समाज की अगवानी में बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया है।इस संदर्भ में समाज के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया कि इस बार भी प्रदेशभर में समाज के लोग आराध्य देव की आराधना को महोत्सव का रूप देने वाले हैं। जयंती के उपलक्ष्य में अलग-अलग दिन भव्य शोभायात्रा निकालने रूपरेखा तय कर रहे हैं। इस कड़ी में 19 अप्रैल को महादेव घाट, गोवर्धन चौक भनपुरी में जयंती की धूम रहने वाली है। इसके लिए अलग-अलग के लोग पहल करेंगे।

### जगह-जगह पूजा के साथ वैचारिक संगोष्ठी

*सर्व ब्राह्मण समाज की पहल पर कोटा स्टेडियम के पास स्थित परशुराम की प्रतिमा स्थल पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके साथ ही तीनों ही प्रमुख स्थानों पर आराध्य देव के जीवन प्रसंगों को लेकर वैचारिक मंथन किया जाएगा। गोष्ठी और संगोष्ठी का सिलसिला अक्षय तृतीया के अवसर पर अलग-अलग समय में आयोजित किया जाएगा। इसमें समाज के लोगों की सहभागिता रहेगी। भजन-कीर्तन के साथ ही धार्मिक आयोजन भी किए जाएंगे। इसके लिए सभी खंड के लोगों को जानकारी और जिम्मेदारी दी गई है। ताकि तय समय में सभी स्थानों पर विधि-विधान से आराध्य देव की आराधना में समाज के लोग शामिल हो सकें।*

### शोभायात्रा की तैयारी, रूट तय करने चर्चा

*समाज की अगवानी में 22 अप्रैल से भव्य शोभायात्रा निकालने का सिलसिला शुरू होगा। इसके लिए अभी तक रूट तय नहीं किया गया है। इस बार भी अलग -अलग खंड में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। महादेव घाट, भनपुरी सहित कोटा स्थित परशुराम की प्रतिमा स्थल पर भव्य आयोजन इस बार भी किया जाएगा। सभी स्थानों पर भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस कड़ी में भव्य भंडारे का आयोजन इस बार गुढियारी खंड द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के लोगों को आपसी तालमेल से श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन करने के लिए चर्चा की गई है। इस बार शोभायात्रा के लिए जल्द ही जिला प्रशासन से चर्चा के बाद रूट तय किया जाएगा।*

## सिटी स्पोर्ट्स

# छत्तीसगढ़ की बेटियां फाइनल में, पुरुष सेमीफाइनल में



**भिलाई।** सी सी एफ सी क्लब एवं बंगाल साइकिल पोलो संघ द्वारा आयोजित सी सी एफ सी क्लब ऑल इंडिया इनविटेशन कप में दूसरे दिन हुए मैच में छत्तीसगढ़ ने पुरुष वर्ग में मेजबान पश्चिम बंगाल को 8-3 के स्कोर से पराजित किया। उसके बाद अपने क्वार्टर फाइनल मैच में मैच में छत्तीसगढ़ पुरुष टीम ने उत्तर प्रदेश को 9-2 के बड़े अंतर से पराजित कर प्रतियोगिता के सेमी फाइनल में प्रवेश किया। करण, शैलेन्द्र एवं विकास ने 2-2 गोल किए वही रोहन ने 3 गोल किया। छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने तीनों लीग मैच एकतरफा जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। इसके पश्चात 2-2 मिक्स टीम (2 पुरुष तथा 2 महिला) राष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला में छत्तीसगढ़ ने पश्चिम बंगाल को 8-2 के स्कोर से पराजित किया तत्पश्चात उत्त प्रदेश को 7-1 के स्कोर से पराजित कर श्रृंखला अपने नाम की। इस हेतु छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ के अध्यक्ष डॉ रमेश श्रीवास्तव एवं बीएसपी साइकलिंग क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर एवं बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविंदर सिंह एवं खेल संघ के सभी पदाधिकारी ने टीम को बधाइयां तथा शुभकामनाएं दी।

# बल्लेबाज प्रतीक का चयन बीसीसीआई के इमर्जिंग कोचिंग कैंप में



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ एवं भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के विकेटकीपर बल्लेबाज प्रतीक गंधर्व का चयन बीसीसीआई द्वारा आयोजित इमर्जिंग कोचिंग कैंप में हुआ है। प्रतीक गंधर्व ने छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 6 मैच में 9 ईनिंग खेल कर 231 रन बनाएं। जिसमें उच्चतम स्कोर 70 रन रहा। इन 231 रनों में उन्होंने कुल 340 गेंदो का सामना किया। जिसमें 29 चौक एवं तीन छक्के लगाए एवं एक बार अर्धशतकीय पारी खेली। प्रतीक गंधर्व की इस सफलता पर भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद जैन एवं सचिव भास्कर गोस्वामी सहित पदाधिकारी एवं सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# अखिल भारतीय रेल क्रिकेट में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम उपविजेता



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की क्रिकेट टीम ने अखिल भारतीय रेल क्रिकेट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का गौरव प्राप्त किया। फाइनल मुकाबले में टीम ने मेट्रो रेलवे के विरुद्ध शानदार संघर्ष का परिचय दिया और द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का लीग चरण चेन्नई में तथा नॉकआउट चरण मुंबई में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर की विभिन्न रेलवे टीमों ने भाग लिया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में लगातार उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का प्रभावशाली सफर तय किया। उल्लेखनीय है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की क्रिकेट टीम ने पिछले चार वर्षों में तीन बार फाइनल में स्थान बनाकर पदक सुनिश्चित किया है, जिसमें एक स्वर्ण पदक एवं दो रजत पदक शामिल हैं। यह उपलब्धि खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं उत्कृष्ट खेल भावना को दर्शाती है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपरांत आज टीम के खिलाड़ियों ने महाप्रबंधक तरुण प्रकाश से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने खिलाड़ियों को कहा कि "टीम ने जिस समर्पण, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रदर्शन किया है, वह अत्यंत सराहनीय है।

## गर्मियों में सूखी खांसी से परेशान रहते हैं ज्यादातर लोग

# बढ़ती गर्मी के बीच आम हो रही सूखी खांसी की शिकायतें, घरेलू उपाय अपनाने से जल्द मिल सकता है आराम

आमतौर पर सर्दियों में सर्दी-जुकाम और फ्लू के कारण सूखी खांसी आने लगती है लेकिन गर्मियों में भी सूखी खांसी हो सकती है। गर्मी के मौसम में एलर्जी, संक्रमण या अन्य कई कारणों से सूखी खांसी हो सकती है। खांसी एक आम समस्या है, जिसे कई घरेलू उपाय अपनाकर ठीक किया जा सकता है। कई मामलों में ये उपाय खांसी के लक्षणों को कम करने में मदद करते हैं और अधिकतर मामलों में इन का कोई दुष्प्रभाव नहीं होता। आइए जानते हैं गर्मियों में सूखी खांसी क्यों हो सकती है, इसके लक्षण क्या है और गर्मी के मौसम में सूखी खांसी से राहत पाने के लिए कौन से घरेलू उपायों को अपनाया जा सकता है।

### सूखी खांसी के लक्षण

सूखी खांसी में बलगम नहीं बनता है। इसमें गले में खुजली और जलन जैसा महसूस होता है। साथ ही लगातार खांसी आती है, गले में खिचखिच, रात में तेज खांसी आना, आवाज कर्कश होना, गले में खरोच जैसा अनुभव होना, सांस लेने में तकलीफ और सीने में परेशानी होना सूखी खांसी के लक्षण है।

### सूखी खांसी आने के कारण

वैसे तो सूखी खांसी के कुछ सामान्य लक्षण हैं, जैसे एलर्जी, अस्थमा, एसिड रिफ्लक्स, ब्रोंकाइटिस, वायरल संक्रमण (सर्दी और फ्लू), श्वसन संक्रमण, गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स रोग, धूम्रपान आदि। हालांकि गर्मी के मौसम में सूखी खांसी हो रही है तो इसके कुछ अन्य कारण भी हो सकते हैं, जिस पर नियंत्रण करके आप खांसी रोक सकते हैं।

दरअसल गर्मियों में लोग फ्रिज का ठंडा पानी पीते हैं और गर्मी से राहत पाने के लिए आइसक्रीम का सेवन करते हैं। बाहर की तपन के चलते ठंडी चीजों का सेवन गले पर प्रभाव डाल सकता है, जिससे गले में दर्द, खांसी और जुकाम-बुखार होने की संभावना बढ़ जाती है।




### सूखी खांसी के लिए घरेलू उपाय

**शहद:** शहद एंटीबैक्टीरियल गुणों से युक्त होता है जो खांसी को दूर करने के साथ ही दर्द में भी राहत प्रदान कर सकता है। गर्मी के मौसम में खांसी होने पर शहद को हर्बल टी या नींबू पानी में डालकर पीने से खांसी में तुरंत आराम मिलने की संभावना रहती है।




**नमक के पानी से गरारा:** गर्मियों में होने वाली सूखी खांसी को ठीक करने के लिए पानी में नमक मिलाकर गरारे करने चाहिए। इससे फेफड़ों में जमा बलगम कम होता है और गले को आराम मिलता है।

**अदरक:** अदरक में एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो शरीर को स्वस्थ रहने में मदद करते हैं। खांसी के लक्षणों को कम करने के लिए एक चम्मच अदरक के रस में शहद मिलाकर मिश्रण बना लें और इसे चाट लें। ऐसा करने से बंद गला खुल जाता है और सूखी खांसी से राहत मिलती है।



**लौंग:** लौंग लगभग हर घर में मिल जाएगी। पांच रुपये की लौंग गले के लिए काफी फायदेमंद हो सकती है। सूखी खांसी में लौंग का सेवन करें। इसके लिए लौंग को एक चुटकी सेंधा नमक से साथ लेकर चबाएं। इससे सूखी खांसी में आराम मिलता है।

# स्टेज फियर को दूर करने के लिए करें यह मुद्रा



क्या आप भी स्टेज फियर का सामना करते हैं। चार लोगों के सामने बात रखने में हिचकिचाहट महसूस होती है। इस खास मुद्रा से फायदा मिल सकता है। हम सब चाहे कितने भी बातूनी हो कितने भी फ्रैंक हो जब बात स्टेज पर भाषण देने की आती है या चार लोगों के सामने अपनी बात रखने की आती है तो अक्सर हमारे अंदर एक दर झलकने लगता है। कई बार हम डर के मारे कुछ बोल ही नहीं पाते हैं। हाथ पैर में कंपकंपाहट होने लगती है। इस समस्या को पब्लिक स्पीकिंग फोबिया कहा जाता है। अगर आप भी इस समस्या को दूर करना चाहते हैं तो आप एक खास मुद्रा का अभ्यास कर सकते हैं। इस बारे में जानकारी दे रही हैं योग एक्सपर्ट डॉक्टर नूपुर रोहतगी आईए जानते हैं इस बारे में विस्तार से

### उत्तरबोधि मुद्रा कैसे करें

सबसे पहले आप एक शांत जगह पर बैठ जाएं। अब दोनों हाथों की उंगलियों को एक दूसरे से फंसा लें। फिर दोनों हाथों के अंगूठे और तर्जनी उंगलियों को मिलाएं। अंगूठों की दिशा नीचे की ओर रहे और तर्जनी उंगलियां ऊपर की ओर होगी। इस अवस्था में हाथों को अपनी नाभि के पास रखें। इस मुद्रा को कम से कम 10 से 15 मिनट हर रोज अभ्यास करें। इससे आपको कुछ ही दिन में फायदा मिलेगा।

### उत्तरबोधि मुद्रा के अन्य फायदे जानें

किसी भी काम को करने से पहले उत्तेजित मन को शांत करने में मदद मिलती है। यह तंत्रिकाओं को शांत करने का शानदार तरीका है। यह आत्मविश्वास में सुधार करता है। डर को दूर करता है। यह एक ऐसी मुद्रा है जो समस्या समाधान और निर्णय लेने में मदद करती है। फोकस और एकाग्रता में सुधार करती है। यह आपको क्रिएटिव बनाने में मदद करती है। चिंता और तनाव की समस्या को दूर करती है।

# इन बातों को ध्यान में रखकर बनाएंगी भोग का हलवा तो बनेगा एकदम परफेक्ट



कई बार ऐसा होता है कि भोग के लिए बनने वाला सूजी का हलवा वैसा नहीं बनता, जैसा हम चाहते हैं। ऐसे में हम आपको इसे बनाने की सही विधि के बारे में बताएंगे। साथ ही ये भी बताएंगे कि हलवा बनाते समय आपको क्या गलतियां नहीं करनी हैं।

### सबसे पहले जानें हलवा बनाने की विधि

पहले जान लें कि आखिर आप आसान विधि से सूजी का हलवा कैसे बना सकते हैं। इसके लिए सही नाप का होना बेहद जरूरी है। सही नाप के लिए एक छोटी कटोरी सूजी लें, अब उसी कटोरी से नाप के सूजी की दोगुनी चीनी लें। सेम कटोरी से आपको 4 गुना पानी की जरूरत होगी। इसके साथ-साथ इलायची पाउडर, बादाम और काजू की भी आपको जरूरत पड़ेगी। अब सबसे पहले सूजी को एकदम हल्की गैस पर सनहरा होने तक भूनें। इसे भूनने के लिए आपको एक चम्मच घी की जरूरत पड़ेगी। सूजी जब भुन जाए तो उसे पैन से निकालकर एक प्लेट में निकाल दें। अब कढ़ाई में नाप कर पानी डालें और फिर उसमें चीनी डालें, चीनी के साथ-साथ भुनी हुई सूजी को मिक्स करें। इसे लगातार चलाते रहें, वरना ये कढ़ाई में लगने लगेगा। इसी बीच इसमें इलायची पाउडर डालें। अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद इसे पांच मिनट के लिए ढककर रख दें। जब हलवा तैयार हो जाए तो उसमें ऊपर से सजाने के लिए बादाम और काजू को छोटा-छोटा काटकर इसके ऊपर डाल दें। बस हलवा तैयार है।



# हरियाणा के छोरे छा गए, कुश्ती देखने उमड़े लोग

**भिलाई।** यहां जारी अंडर 20 कुश्ती का महासंग्राम रोमांचक होता जा रहा है। दूसरे दिन भी बड़ी तादाद में मौजूद खेल प्रेमियों के बीच देश भर के पहलवान कुश्ती के दावपेंच आजमाते रहे।

शनिवार को बालक वर्ग के कुल 240 मुकाबले हुए। जिसमें 10 पहलवानो को गोल्ड ,10 को सिल्वर और 20 पहलवानो को ब्रॉन्ज मैडल और प्रशस्ति पत्र दिये गये। दंगल में अंडर-20 बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ को भी मैडल हासिल हुआ। इस मौके पर दुर्ग सांसद विजय बघेल ने बताया कि वो स्वयं कबड्डी के राष्ट्रीय खिलाडी रहें हैं। कबड्डी टीम का खेल हैं लेकिन पहलवानी एकल गेम हैं जिसके लिये हर खिलाडी हर पहलवान को तपना पड़ता है अनुशासन पूर्वक कठिन संघर्ष करना पड़ता है और तब सफलता प्राप्त होती है।

आयोजन के संदर्भ में निशु पाण्डेय ने बताया कि छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के अध्यक्ष जगन्नथ पहलवान, उपाध्यक्ष एवं प्रदेश आर्थिक प्रकोष्ठ कार्य समिति सदस्य भाजपा भूपेंद्र यादव और उनकी पूरी टीम ने इस भव्य आयोजन हेतु सांसद विजय बघेल धन्यवाद ज्ञापित करते हुये विश्वास दिलाया है कि भविष्य में हम कुश्ती को छत्तीसगढ़ में शीर्ष स्थान दिलाने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती कराने तैयार है। इस कुश्ती के महासंग्राम का समापन रविवार 12 अप्रैल को होगा। आयोजक्र समिति के सदस्य वीरेन्द्र यादव पहलवान, भाजपा के पूर्व पार्षद एवं प्रदेश ओबीसी प्रकोष्ठ के विशेष आमंत्रित सदस्य देवेंद्र यादव,जी सुरेश बाबे, शशिकांत बघेल, राघवेंद्र सिंह, अजय पानिकर, राजेश सिंह, विश्वरतन सिन्हा, प्रमोद सिंह, सुधीर बंसल, डाकेश्वर परगनिहा और कल्पना स्वामी ने अंतिम दिन का महामुकाबला देखने भिलाई-दुर्गवासियों से उपस्थिति का आव्हान किया है।

### 180 अंक के साथ हरियाणा आगे

शनिवार को हुए मुकाबले में टीम रैंकिंग में 180 अंक के साथ हरियाणा प्रथम, 132 अंक के साथ महाराष्ट्र द्वितीय, 128 अंक के साथ उप्र तृतीय, 105 अंक के साथ एसएससीबी चौथा, 95 अंक के साथ पंजाब पांचवा, 86 अंक के साथ दिल्ली छठवां, 85 अंक के साथ चंडीगढ़ सातवां, 65 अंक के साथ एमपी आठवां, 51 अंक के साथ हिमाचल प्रदेश नौंवा और 44 अंक के साथ राजस्थान दसवां रहे।

### एसएससीबी, महाराष्ट्र, पंजाब और यूपी के पहलवानों ने भी दिखाया दम

शनिवार को बालक वर्ग में खिलाड़ियों में दमखम दिखाया। 57 किलोग्राम वर्ग में प्रथम हरियाणा के रोहित , द्वितीय एसएससीबी के अतुल मलिक, तृतीय एमपी के पवन पटेल और उप्र के जयदीप सिंह तृतीय, 61 किलोग्राम वर्ग में हरियाणा के पुष्प , महाराष्ट्र के मृणाल द्वितीय और चंडीगढ़ के निखिल दलाल व एसएससीबी के आरू खांडेकर तृतीय रहे। 65 किलोग्राम वर्ग में महाराष्ट्र के मनीष प्रथम, चंडीगढ़ के दीपांशु द्वितीय, पंजाब के करणवीर सिंह और दिल्ली के गौरव पूनिया तृतीय रहे। 70 किलोग्राम वर्ग में महाराष्ट्र के सुमित कुमार प्रथम, एसएससीबी के नरेंद्र द्वितीय, दिल्ली के सचिन और यूपी के रवि कुंतल तृतीय, 74 किलोग्राम में हरियाणा के यश प्रथम, उप्र के हिमांशु द्वितीय, कर्नाटक के विनोद और एसएससीबी के पाटिल आदर्श युवराज तृतीय रहे। 79 किलोग्राम वर्ग में यूपी के सौरभ यादव प्रथम, हरियाणा के पारस द्वितीय, पंजाब के तरण वीर सिंह और महाराष्ट्र के विकास तृतीय रहे। 86 किलोग्राम वर्ग में हरियाणा के अरुण प्रथम. चंडीगढ़ के साकेत द्रोल द्वितीय और एसएससीबी के साहिल दलाल व हरियाणा के सुमीत ठाकुर तृतीय रहे। 92 किलोग्राम वर्ग में हरियाणा के निखिल प्रथम, पंजाब के करणवीर सिंह द्वितीय, दिल्ली के अभिषेक मान और यूपी के अनुज गौतम तृतीय रहे। 97 किलोग्राम वर्ग में हरियाणा के लकी प्रथम, चंडीगढ़ के तनुज अंतिल द्वितीय, यूपी के उत्कृष्ट चौधरी और पंजाब के सरबजोत सिंह तृतीय रहे। 125 किलोग्राम वर्ग में दिल्ली के रौनक प्रथम, हरियाणा के रजत कुमार द्वितीय, महाराष्ट्र के अली और यूपी के लक्ष्य कुमार तृतीय रहे।

कार्नर न्यूज

## छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों में जारी है क्रिकेट के मुकाबले

# अंडर-16 क्रिकेट में कोरिया, जशपुर, धमतरी और रायगढ़ के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 प्लेट ग्रुप दो दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रदेश के अलग-अलग शहरों में शनिवार को शानदार मुकाबले हुए। धमतरी में टीम कोरिया जिला विरुद्ध जांजगीर चांपा में कोरिया जिला ने एक पारी एवं 42 रन से जीत के साथ 7 अंक प्राप्त किए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम जशपुर विरुद्ध सरगुजा में बल्लेबाजी करते हुए सरगुजा टीम पहली पारी 70 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में जशपुर ने पहली पारी में 7 विकेट पर 161 रन बनाए। दल्ली राजहरा में टीम धमतरी विरुद्ध दंतेवाड़ा में बल्लेबाजी करते हुए धमतरी टीम पहली पारी में 113 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में दंतेवाड़ा टीम पहली पारी में 61 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में धमतरी ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 66 रन बनाए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम नारायणपुर विरुद्ध महासमुंद में बल्लेबाजी करते हुए महासमुंद टीम पहली पारी में 99 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में नारायणपुर ने पहली पारी में 6 विकेट पर 234 रन बनाए। कवर्धा में टीम कवर्धा विरुद्ध



रायगढ़ के मैच में बल्लेबाजी करते हुए कवर्धा टीम पहली पारी में 178 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी करते हुए रायगढ़ ने पहली पारी में 6 विकेट पर 130 रन बनाए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम बस्तर विरुद्ध कांकेर के मुकाबले में बल्लेबाजी करते हुए कांकेर टीम पहली पारी में 305 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बस्तर पहली पारी में 7 विकेट पर 132 रन बनाए।

### ड्रॉ रहा अंडर-23 मुकाबला

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-23 सिलेक्शन मैच में बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में ईस्ट जोन विरुद्ध वेस्ट जोन मुकाबला ड्रॉ रहा। पहली पारी के बढ़त के आधार पर ईस्ट जोन को तीन अंक और वेस्ट जोन को एक अंक मिले। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने दूसरी पारी चार विकेट पर 215 रन बनाकर पारी घोषित की। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन ने दूसरी पारी में सात विकेट पर 334 रन बनाए। अंकित त्रिपाठी ने 74, यश वर्डा ने 62, वैदिक माहुरकर ने 51, राहुल प्रधान ने 41, कृष्णा टांक ने 39 एवं जसविंदर सिंह गिल ने 35 रन बनाए। गेंदबाजी में ईस्ट जोन के सौम्य केसरी एवं आशीष डहरिया ने दो-दो विकेट लिए।



### साउथ और नार्थ जोन की जीत

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत शनिवार को विभिन्न शहरों में मैच हुए। रघुराज स्टेडियम बिलासपुर में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध साउथ जोन में परिणाम साउथ जोन ने तीन विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन 107 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने सात विकेट पर 111 रन बनाए। रेलवे स्टेडियम बिलासपुर में टीम नॉर्थ जोन विरुद्ध सेंट्रल जोन में परिणाम नॉर्थ जोन ने 23 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन 257 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी सेंट्रल जोन 234 रन पर आउट हुई।

# जंगल और वन्यजीवों की निगरानी होगी थर्मल ड्रोन से, शिकारियों पर भी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वन विभाग द्वारा राज्य में बाघों, हाथियों और अन्य वन्यजीवों की बेहतर निगरानी करने, मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने और शिकारियों पर नजर रखने के लिए अब राज्य के सभी वनमंडलों में थर्मल ड्रोन कैमरों का उपयोग किया जाएगा। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में थर्मल ड्रोन कैमरे से सकारात्मक परिणाम मिलने के बाद राज्य के सभी वनमंडलों में थर्मल ड्रोन कैमरा का उपयोग करने की योजना विभाग बना रहा है। इसके लिए पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ अरुण कुमार पाण्डेय ने सभी वनमंडलों से प्रस्ताव मंगाया है। प्रस्ताव आने के बाद राज्य सरकार से थर्मल ड्रोन कैमरा खरीदने बजट देने प्रस्ताव भेजा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि यह ड्रोन थर्मल इमेजिंग से लैस है, जो घने जंगलों और रात के अंधेरे में भी जानवरों की सटीक स्थिति का पता लगा सकता है। थर्मल ड्रोन की मदद से रात के अंधेरे में जंगल की निगरानी करना आसान होगा। इसके साथ ही जंगल में संदिग्ध गतिविधि के बारे में थर्मल ड्रोन की मदद से आसानी से पता लगाया जा सकता है। ऐसे ही एक प्रकरकण में उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के घने जंगल में आग लगाने वाले ग्रामीणों की पहचान कर पिछले दिनों कार्रवाई की गई है।

**कब्जा करने जंगल में लगाई थी आग :** उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में ओडिशा से सटे जंगल में कब्जा करने कुछ लोगों ने जंगल में आग लगा दी थी। यूएसटीआर के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन के मार्गदर्शन में थर्मल ड्रोन कैमरे की मदद से जानकारी जुटाई गई। इस दौरान जंगल में आग लगाने वाले थर्मल ड्रोन कैमरे में कैद हो गए। वन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जंगल में आग लगाने वालों की पहचान कर 22 लोगों के खिलाफ वन्यजीव अधिनियम के तहत पीओआर दर्ज कर कार्रवाई की।

## जंगल में अतिक्रमण के उद्देश्य से आग लगाने वालों की पहचान थर्मल ड्रोन से कर की गई कार्रवाई

### फसलों के नुकसान की सटीक जानकारी

वन से सटे ग्रामीण क्षेत्र में हाथियों के रौंदने से किसानों की फसलों का जो नुकसान होता है, इसकी जानकारी जुटाने डीजीपीएस सिस्टम से कितने एकड़ के फसलों का नुकसान हुआ है, इसकी जानकारी जुटाई जाती है। फसलों के नुकसान के बारे में जानकारी जुटाने यूएसटीआर के थर्मल ड्रोन कैमरा में लेजर टाइमिंग लगाने की सोच रहे हैं। इससे महज आधे घंटे के भीतर कितने हेक्टेयर में हाथियों ने फसलों का नुकसान किया है, इसकी सटिक जानकारी मिल जाएगी।





**थर्मल ड्रोन कैमरा की विशेषताएं :** थर्मल ड्रोन में लेजर रेंज फाइंडर और हाई जूम क्षमता है, जिससे जानवरों की शारीरिक माप की जा सकती है। इससे रात में फूट पेट्रोलिंग का जोखिम कम होगा और मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने में मदद मिलेगी। थर्मल ड्रोन कैमरा से एक समय में पांच किलोमीटर जंगल की निगरानी की जा सकती है। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व राज्य का पहला ऐसे टाइगर रिजर्व है, जहां वर्ष 2023 से वन तथा वन्यजीवों की रक्षा करने थर्मल ड्रोन कैमरे की मदद ली जा रही है।

### रेस्क्यू करना होगा आसान

जंगल में वन्यजीवों की घायल होने की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम घायल वन्यजीव का लोकेशन की थर्मल ड्रोन कैमरे की मदद से आसानी से पता लगा लेगी। इससे वन्यजीव को किसी तरह से परेशान किए बगैर आसानी से रेस्क्यू किया जा सकता है। इसके साथ ही हाथियों की मूवमेंट की जानकारी तथा हाथियों की संख्या के बारे में आसानी से पता लगाया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी में बच्चों के साथ मनाया कर्मचारियों ने जन्मदिन



**रायपुर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना और न्योता भोज के अंतर्गत संचालित प्रोजेक्ट आओ बांटे खुशियां के तहत शासकीय कर्मचारी अपना और अपने परिवार के सदस्यों का जन्मदिन बच्चों के साथ मना रहे हैं। इसी क्रम में नर्सिंग ऑफिसर तारा साहू ने अपने पुत्र गौरव का जन्मदिन आंगनबाड़ी केंद्र भाठागांव में, शिक्षिका चंचल विजय शुक्ला ने आंगनबाड़ी केंद्र मंगल बाजार कुंद्रापारा, स्टाफ नर्स गोमति अहिरवार ने आंगनबाड़ी केंद्र अमलीडीह, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर श्रद्धा दयाल ने आंगनबाड़ी केंद्र आम बिलाड़ी, सहायक वर्ग 3 श्रीमती कल्याणी पटेल ने आंगनबाड़ी केंद्र तुलसी, रूरल मेडिकल असिस्टेंट सुश्री ज्योति चंद्राकर ने आंगनबाड़ी केंद्र दोन्देकला एवं हेडमास्टर राजेश कुमार नायक ने आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम भाटापारा केंद्री में विद्यार्थियों के साथ जन्मदिवस मनाया। इस अवसर पर बच्चों के साथ केक काटकर, फल और पौष्टिक आहार वितरित किया।

### टॉफी का डब्ल्यूओडब्ल्यू अवार्ड पूनम शर्मा को



**रायपुर।** ट्रेवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया का डब्ल्यूओडब्ल्यू 2026 अवार्ड पूनम शर्मा डीजीएम छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड को उनके द्वारा ट्रेवल टूरिज्म में विशेष योगदान व महिला लीडरशिप के लिए प्रदान किया गया। टाई छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश के वरिष्ठ सदस्य रमन जादवानी ने यह अवार्ड प्रदान किया। पूनम शर्मा का चयन टाई मुम्बई में सिलेक्शन कमेटी द्वारा किया गया है।

### ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण समाज का परिचय सम्मेलन आज

**रायपुर।** ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण समाज द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर हॉल में 12 अप्रैल को सुबह 9 बजे प्रारंभ होगा। इसी दौरान समाज के प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद ब्रह्मभट्ट ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सर्व ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य युवक-युवती शामिल होंगे।

# कांग्रेस वार्ड अध्यक्षों की सूची पर घंटों मंथन उत्तर और पश्चिम विधानसभा पर ज्यादा विवाद

**अब सूची एक साथ जारी किए जाने की कवायद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन द्वारा कल जारी किए गए 66 वार्ड अध्यक्षों की सूची रद्द किए जाने के बाद प्रभारी महामंत्री मलकित सिंह गैंदू के साथ 5-6 घंटे मैराथन बैठक कई वार्ड अध्यक्षों को बदले जाने की चर्चा है। उत्तर विधानसभा और रायपुर पश्चिम विधानसभा को लेकर कई पीसीसी पदाधिकारियों की आपत्ति के बाद नए नाम जोड़े जाने की जानकारी आई है। शहर अध्यक्ष द्वारा बिना पीसीसी के अनुमोदन के सूची जारी की गई थी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मेनन का कहना है कि ये शहर अध्यक्ष का अधिकार है। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि पीसीसी के पास सूची को निरस्त करने का विशेषाधिकार है। उन्होंने कहा, सूची में जो कुछ भी कमी होगी उस पर चर्चा कर ठीक कर लेंगे।बताया जाता है कि यहां पर कई पदाधिकारियों ने कुछ नामों पर आपत्ति की थी नए नाम जोड़े जाने के बाद अब नई सूची जारी होंगे। बताया जाता है कि सूची से 13 वार्ड में कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था उसे हटाते हुए वहां एक नाम तय किए जाएंगे। वहीं कई वार्ड जहां पर कुछ नामों पर आपत्ति पीसीसी के नेताओं ने जताई है उनमें कुछ नए नाम आ सकते हैं। यह मामला प्रदेश कांग्रेस के लिए अनुशासन और नेतृत्व के तालमेल की बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

### कांग्रेस में गुटबाजी हावी- ठोकने

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने कांग्रेस की नियुक्तियों पर कटाक्ष करते हुए कहा, कांग्रेस पूरी तरह से नेतृत्व विहीन और अनुशासन विहीन पार्टी बन चुकी है। कांग्रेस में गुटबाजी इस कदर हावी है कि किसी भी कांग्रेसी नेता को अपने समकक्ष दूसरा नेता बर्दाश्त नहीं। ऊपर से लेकर नीचे तक आपसी खींचतान के मामले लगातार राजनीतिक पटल पर देखने को मिलते हैं। प्रदेश कांग्रेस के बड़े नेताओं की आपसी खींचतान अब निचले स्तर तक पहुंच चुकी है।



**उत्तर और पश्चिम विधानसभा में अधिकतर आपत्ति:** बताया गया है कि उत्तर विधानसभा में कई वार्ड में जिन्हें अध्यक्ष बनाया गया उनपर सहमति नाने लंबी चर्चा हुई। कई वार्ड में नामों को लेकर चर्चा के दौरान कुछ नेताओं के बीच विवाद की स्थिति देखने को मिली। वहीं पश्चिम विधानसभा में कई वार्ड के नामों को बदले जाने की बात उठाई गई। वहीं पेंडिंग वार वार्ड को लेकर प्रभारी के द्वारा तय किए गए नामों में से एक नाम पर सहमति बनाने का प्रयास किया गया।

### 80 प्रतिशत मंडल कमेटियां तैयार

राजधानी रायपुर में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए लगातार बैठकों का दौर जारी रहा। यह बैठक दुर्ग शहर के पूर्व विधायक एवं पर्यवेक्षक अरुण वोरा तथा रायपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में शहर के 42 मंडलों के अध्यक्षों की भागीदारी रही, जहां पार्टी के प्रति समर्पित, सक्रिय एवं जुझारू युवाओं की टीम का गठन तत्काल करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।पार्टी के निर्देशों के अनुरूप अधिकांश मंडल अध्यक्ष अपनी-अपनी प्रबंधकारिणी समिति की सूची जिला कार्यालय में जमा कर चुके हैं। शेष मंडलों को भी कल तक अपनी सूची जमा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि संगठनात्मक प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा सके।

## त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव के लिए रोल ऑब्जर्वर नियुक्त

**रायपुर।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकाय उप चुनाव के लिए अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता को रोल ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। जिले के 4 विकासखंड अंतर्गत आरंग क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में चकवे, बनरसी, सिवनी, पारागांव, गोढ़ी, अकोलीखुर्द-प में पंच एवं घोट में सरपंच, अभनपुर के ग्राम तोरला एवं मानिकचौरी में पंच, धरसींवा ग्रामीण में सारागांव के वार्ड क्रमांक 12, 13, 15, 16, तिवरैया, बरौदा, टोर गिधौरी में पंच एवं कारा और गुमा में सरपंच, तिल्दा ग्रामीण के तुलसी अरौंदा में पंच का चुनाव होना है। इसी प्रकार बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 32 में पार्षद चुनाव होगा। उपचुनाव के लिए नामवली का प्रारंभिक प्रकाशन 13 अप्रैल को होगा।

# शासन का आश्वासन अधूरा, एनएचएम के संविदा कर्मचारी आंदोलन के मूड में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- आज प्रदेश स्तरीय बैठक में बनाई जाएगी रणनीति

हड़ताल के दिनों में मांगों को पूरा करने शासन द्वारा दिया गया आश्वासन अब तक पूरा नहीं हो पाया है। सात महीने इंतजार के बाद एनएचएम के संविदा कर्मचारी फिर हड़ताल के मूड में हैं। इसकी रणनीति बनाने के लिए रविवार को राजधानी में प्रदेश स्तरीय बैठक बुलाई गई है। उनकी दस सूत्रीय मांगों को पूरा करने के लिए शासन स्तर पर कमेटी का गठन भी किया गया था, मगर अब तक उनकी ज्यादातर मांगें पूरी नहीं हो पाई हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (छत्तीसगढ़) के संविदा कर्मचारियों ने पिछले साल अगस्त-सितंबर के महीने में 34 दिनों की लंबी हड़ताल की थी। उनके काम बंद करने की वजह से स्वास्थ्य सेवा प्रभावित हुई थी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग और शासन स्तर पर हस्तक्षेप के बाद उनकी हड़ताल खत्म हुई थी। इस दौरान उनके नियमितीकरण, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति, स्थानांतरण नीति, मेडिकल अवकाश सहित 10 सूत्रीय मांगों को आवश्यकता के अनुसार पूरा करने का आश्वासन दिया गया था। इसके लिए राज्य स्तर पर कमेटी भी गठित की गई थी। कमेटी ने जांच के बाद अपनी रिपोर्ट दे दी मगर शासन द्वारा मांगों के संबंध में कुछ भी निर्णय नहीं लिया। इसे लेकर कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित अन्य जिम्मेदारों से मिलकर इसे पूरा करने की मांग की थी, मगर इस पर कोई ठोस पहल नहीं हो पायी। इसे लेकर कर्मचारियों में नाराजगी है और वे आंदोलन का मूड बनाने में लगे हैं। इसे लेकर एनएचएम कर्मचारी संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक 12 अप्रैल रविवार को आमापारा में बुलाई गई है। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं संघ के पदाधिकारी शामिल होंगे। पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश स्तरीय इस बैठक में सभी जिलों से जिलाध्यक्ष एवं कर्मचारी प्रतिनिधि शामिल होंगे तथा लंबित मांगों को लेकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। संघ के लिए यह बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



# विद्युत कंपनी के कर्मचारी और अधिकारी लामबंद, सामूहिक इस्तीफा देने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग में रोष, पत्रकारवार्ता में दी जानकारी



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कर्मचारियों और अधिकारियों में रोष है। मौलिक और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन किए जाने से आहत छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के इंजीनियर आरएल ध्रुव, एचके मेश्राम, विजय नाग, राजेश बंजारा और मनहरण चंद्रवंशी ने आगामी रणनीति की जानकारी दी। मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में बताया कि सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेशों का उल्लंघन एवं हाईकोर्ट के विभिन्न आदेशों की गलत व्याख्या करते हुए मनमाफिक पदोन्नति जारी की जा रही है। इसका विरोध करने के लिए अब क्रमवार विरोध किया जाएगा।

पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए पदाधिकारियों ने बताया कि संघ द्वारा इसके विरोध में 13 से 17 अप्रैल तक सभी क्षेत्रीय कार्यालय में विरोध प्रदर्शन के बाद सामूहिक इस्तीफा का ज्ञापन सौंपा जाएगा। 20 अप्रैल को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लिया जाएगा। इसके बाद भी व्यवस्था में किसी प्रकार का सुधार नहीं किया गया, तो 27 अप्रैल से हम अनिश्चितकालीन अवकाश पर जाने का निर्णय ले चुके हैं। विद्युत कंपनी प्रबंधन की तानाशाही कार्यवाही और शासन के मौन समर्थन के विरोध में संघ सर्व सम्मति से सामूहिक हड़ताल को सफल बनाने की तैयारी में है, ताकि विद्युत कंपनी में भी अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ हो रहे अन्याय को रोका जा सके। इसके लिए अन्य आनुषांगिक संगठनों से भी सहयोग देने की अपील की गई है। सामूहिक हड़ताल के दौरान गर्मी के मौसम में विद्युत सेवा बाधित होने पर विद्युत कंपनी प्रबंधन स्वयं जवाबदेह रहेगा।

## धर्म स्वातंत्र्य विधेयक साबित होगा मील का पत्थर : डा. सोलंकी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने हेतु लाए गए धर्म स्वतंत्रता विधेयक 2026 का स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने इस कानून का समर्थन करते हुए इसे राज्य के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

डॉ. सोलंकी ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह कानून छत्तीसगढ़ में मील का पत्थर साबित होगा और इससे अवैध धर्मांतरण की गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा इस विषय पर चिंता व्यक्त की जा रही थी, जिसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू होने से दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित होगी, जिससे समाज में कानून का सम्मान बढ़ेगा और सामाजिक संतुलन मजबूत होगा।




## महिला शिक्षा के जनक थे महात्मा ज्योतिराव फुले

**रायपुर।** सामाजिक संस्था "फुले अंबेडकर विचार मंच" द्वारा इंद्रावती कॉलोनी में शनिवार को महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपस्थित सभी लोगों ने महात्मा ज्योतिराव फुले के बताए मार्ग पर चलने और समाज में समानता, शिक्षा एवं भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संघ के अध्यक्ष विष्णुदत्त बघेल ने महात्मा फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें उनके विचारों को आत्मसात कर एक समतामूलक समाज के निर्माण के लिए कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के वक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, महात्मा फुले महिला शिक्षा के जनक थे, जिन्होंने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर महिलाओं के लिए शिक्षा के द्वार खोल दिए। कार्यक्रम में जेपी बौद्ध, संजय सेंद्रे, अभिमन्यु नायक, डॉ. ओमप्रकाश कनोजिया, नरेंद्र वर्मा, मनमोहन सिंह सैलानी, विजय प्रताप कश्यप, महेश चौहान सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।











# SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS

Ram Nagar || Risali Sector || Vaishali Nagar

FIT INDIA
SCHOOL INNOVATION COUNCIL
SMART CLASSROOM

## ADMISSION OPEN 2026-27

## SHAKUNTALA VIDYALAYA
Affiliated to CBSE, Ram Nagar, Bhilai



0788 403 3217

## SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to CBSE, Risali Sector, Bhilai



0788 2265810

### SCHOOL FACILITIES
- Scholarship of more than Rs. 20 Lakhs to meritorious students
- Selection of students in various competitions like JEE, NEET etc
- Smart classes with CCTV monitored classrooms in all school premises
- Advanced Science Lab., Computer Lab. & Library
- State of the art AV room & Music room
- 24x7 Power Supply Via Genset

## SHAKUNTALA VIDYALAYA NO - 2
Affiliated to State Board, Ram Nagar, Bhilai
Class XI to XII | 0788 2295357

## SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to State Board, Vaishali Nagar, Bhilai
KG-1 to VIII | 0788 4033623

## Shakuntala GURUKUL
Hostel

" घर से दूर..
एक घर "

- Seperate Hostel Facility for Boys and Girls.
- AC Hostel Room with attached Bathroom.
- In-Class Coaching Facility for students.
- Hot (Geyser) and Cold Water Facility.
- Dedicated Medical Facility.



883 998 2041
Ram Nagar, Bhilai

Deepak Advertisers